नई दिल्ली
बुधवार 11 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 299
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


पीएम मोदी के निमंत्रण पर होगी यह यात्रा, 19 फरवरी को एआई इंपैक्ट सम्मेलन में भाग लेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति

# 17 से 19 फरवरी तक होगा फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का भारत दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस महीने 17 से 19 फरवरी तक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि यात्रा के दौरान 19 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले एआई इंपैक्ट समिट में शिरकत करेंगे। इसके अलावा दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच एक उच्च-स्तरीय बैठक भी होगी। जिसमें भारत और फ्रांस के द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

### वायुसेना को फ्रांस से मिलेंगे 114 राफेल



वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से ठीक पहले भारतीय रक्षा खरीद बोर्ड ने वायुसेना के लिए 114 राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है। अब संभवतः इस प्रस्ताव को फरवरी के दूसरे सप्ताह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा और उसके बाद इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की हरी झंडी के लिए इसे पेश किया जाएगा। सौदे की कुल अनुमानित कीमत 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। 114 में से 18 विमान वायुसेना को बनी ▸▸शेष पेज 5 पर

### वार्ता में शामिल होगा हिंद-प्रशांत का मुद्दा

मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच हुई बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने और उससे जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें 2047 का रोडमैप भी मुख्य रूप से शामिल है। साथ ही दोनों शीर्ष नेता साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी बातचीत करेंगे। जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग का मसला भी प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन का भी उद्घाटन करेंगे। जिसका जश्न दोनों देशों द्वारा 2026 में पूरे साल मनाया जाएगा।

### सामरिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

फ्रांस के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले साल फरवरी-2025 में की गई फ्रांस की यात्रा के बाद की जा रही है। जिससे दोनों पक्षों के बीच भारत-फ्रांस सामरिक साझेदारी को लेकर बने हुए विश्वास और गहराई के साथ ही भविष्य में इसे और अधिक मजबूत बनाने की साझा प्रतिबद्धता की झलक साफ तौर पर देखने को मिलती है।

राहुल गांधी सदन के किसी भी प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी नहीं समझतेः पात्रा

## बिरला के खिलाफ कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव 'अहंकारी रवैया': भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को 'अहंकारी रवैया' और संसदीय प्रोटोकॉल की अनदेखी बताते हुए कड़ी आलोचना की है। भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पात्रा ने तमिलनाडु के एक न्यायाधीश के खिलाफ पहले किए गए महाभियोग प्रयासों का हवाला देते हुए कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया।



भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। संसद इस पर प्रतिक्रिया देगी। मैं कांग्रेस और राहुल गांधी से कुछ कहना चाहता हूं। आप इतने अहंकारी हैं कि सदन के किसी भी प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी नहीं समझते, और फिर कहते हैं कि आपको किसी पर भरोसा नहीं है। विपक्ष पर ▸▸शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### शरद पवार की सेहत में सुधार पीएम मोदी ने जाना हाल

**नई दिल्ली।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की सेहत में अब पहले से सुधार आया है। सोमवार को उन्हें सीने में जकड़न की शिकायत के बाद पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और सभी वाइटल पैरामीटर सामान्य हैं। ऐसे में आज यानी मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरद पवार से फोन पर बात की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।



### प्रेमानंद महाराज के दर्शन का बदला सिस्टम

**मथुरा।** चर्चित संत प्रेमानंद महाराज के संग एकांतिक वार्तालाप और एकांतिक दर्शन की इच्छा भक्तों की पूरी होने वाली है। अब महाराज जी के राधा केली कुंज आश्रम में एकांतिक वार्तालाप की व्यवस्था बदल गई है और आश्रम प्रशासन द्वारा नया टोकन सिस्टम लागू किया गया है। श्रद्धालुओं को अब दिन में लाइन लगानी होगी। इसके बाद शाम के समय हाथ पर टोकन नंबर लिखकर दिया जाएगा।



### फिल्म 'घूसखोर पंडत' का बदलेगा नाम

**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को लेकर उठे विवाद के बीच नेटफ्लिक्स इंडिया ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि फिल्म का नाम बदला जाएगा। यह मामला फिल्म के आपत्तिजनक और मानहानिकारक शीर्षक को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। नेटफ्लिक्स की ओर से बताया गया है कि चिंताओं को देखते हुए फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया है।



ओम बिरला ने लोकसभा महासचिव को दिए नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश

# विपक्ष ने सौंपा लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

» बिरला का लोकसभा में न जाने का फैसला, 9 मार्च को प्रस्ताव पर होगी चर्चा

» विपक्ष पहले भी कर चुका है ऐसी कुछ कोशिशें, जो नाकाम साबित हुई हैं

» लोकसभा में सरकार के पास है बहुमत, इसलिए नोटिस के मामले में नहीं मिलेगी विपक्ष को कामयाबी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस निचले सदन के महासचिव उत्पल कुमार सिंह को सौंप दिया है। जिस पर कुल 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस में बिरला पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में बोलने की अनुमति न देना, कांग्रेस के 8 सांसदों को निलंबित करने, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को कुछ पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने की अनुमति देने के मामले में उन्हें निष्कासित करने की मांग के साथ ही कांग्रेस की महिला सांसदों पर साजिश रचने की लोकसभा अध्यक्ष की अस्वीकार्य टिप्पणी जैसे चार बिंदुओं का मुख्य रूप से ▸▸शेष पेज 5 पर



### टीएमसी ने बनाई दूरी, राहुल ने नहीं किए हस्ताक्षर

नोटिस के जरिए समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी), वामदलों, आरजेडी जैसे विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 फरवरी की दोपहर 1 बजे के बाद कांग्रेस के लोकसभा में उप-नेता गौरव गोगोई, चीफ विप के.सुरेश और विप मोहम्मद जावेद ने संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत लोकसभा महासचिव को सौंपा है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने नोटिस से दूरी बनाते हुए इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। वहीं, नोटिस की एक खास बात ये भी है कि इस पर ▸▸शेष पेज 5 पर

### नरवणे की किताब विवाद

## राहुल गांधी बोले- पेंगुइन से ज्यादा पूर्व सेना प्रमुख की बात पर भरोसा

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा को लेकर जारी प्रकाशन विवाद के बीच उनका समर्थन करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि किताब में किए गए 'असुविधाजनक' खुलासों से सरकार घबराई हुई है और इस मुद्दे को भारत-अमेरिका ट्रेड डील से भी जोड़ा।

संसद भवन परिसर में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में गांधी ने 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' के उस दावे का खंडन किया कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब प्रकाशित नहीं हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मौजूद ट्वीट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जनरल नरवणे ने स्वयं ट्वीट कर अमेज़न लिंक साझा किया था और किताब की उपलब्धता की जानकारी दी थी। गांधी ने जोर देकर कहा कि वह प्रकाशक से अधिक ▸▸शेष पेज 5 पर

विपक्ष से शायराना अंदाज में शशि थरूर ने सरकार पर कसा तंज

## दो बार के स्थगन के बाद लोकसभा में आखिरकार शुरू हुई बजट पर चर्चा

» मिर्जा गालिब के शेर पढ़ते हुए बोले, 'हमें मालूम है जन्नत की हकीकत लेकिन दिल बहलाने के लिए गालिब ख्याल अच्छा है'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को दो बार के स्थगन के बाद आखिरकार दोपहर 2 बजे बजट पर चर्चा की शुरुआत हुई। पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तन्नेटी ने सबसे पहले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस से वरिष्ठ सांसद डॉ. शशि थरूर को बोलने की अनुमति प्रदान की। उन्होंने सदन में शायराना अंदाज में मिर्जा गालिब की शायरी की कुछ पंक्तियों के साथ सरकार पर कटाक्ष करते हुए अपनी बात रखी और कहा कि 'हमें मालूम है जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल बहलाने के लिए गालिब ख्याल अच्छा है'। थरूर ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में केंद्र में देश में मौजूद बेरोजगारी को पूरी तरह से अनदेखा कर दिया है। इसमें आम-आदमी की समस्याओं की अनदेखी की गई है, असमानता पर कोई ▸▸शेष पेज 5 पर



### केवल हेडलाइन प्रबंधन में व्यस्त है सरकार

उन्होंने मीडिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए यह दावा किया कि सरकार ने पिछले बजट में 53 कल्याणकारी योजनाओं के लिए कुल करीब 5 लाख करोड़ रुपए की बड़ी धनराशि का आवंटन किया था। लेकिन वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में इस बाबत हुआ कुल खर्च करीब 41 फीसदी ही है। जिससे ये साफ हो जाता है कि सरकार योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन में कितनी पिछड़ी हुई है। उन्होंने केंद्र पर ये आरोप भी लगाया कि ज्यादातर कल्याणकारी योजनाओं के मामले में सरकार की स्थिति ऐसी ही है। जिसमें योजनाओं की घोषणाएं तो ▸▸शेष पेज 5 पर

## संगठन सृजन अभियान के तहत 8 राज्यों के नव नियुक्त डीसीसी अध्यक्षों का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की एक निर्णायक पहल है। इसी अभियान के तहत 8 राज्यों से नव नियुक्त 286 जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के लिए एक गहन एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर संगठनात्मक मजबूती, जमीनी राजनीति और भविष्य की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। वेणुगोपाल ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अब तक 14 राज्यों में 5 चरण पूरे किए जा चुके हैं, जिनमें 531 डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई ▸▸शेष पेज 5 पर

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज से मिले आंध्र के मुख्यमंत्री नायडू, कृषि एवं किसान कल्याण के मुद्दों पर की चर्चा

» कृषि विकास, मूल्य संवर्धन और ग्रामीण समृद्धि को लेकर आंध्र प्रदेश-केंद्र के बीच मजबूत सहयोग



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कृषि मंत्रालय में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की। इस दौरान राज्य में कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों, योजनाओं की प्रगति तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई।

नायडू ने आंध्र प्रदेश के किसानों की आवश्यकताओं, फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन, सिंचाई, प्रसंस्करण तथा कृषि-आधारित उद्योगों के विस्तार से जुड़े विषय केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने राज्य की प्राथमिकताओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि आंध्र प्रदेश की कृषि संबंधी सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर किया ▸▸शेष पेज 5 पर




दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के समूचे विकास के लिए सीमा पर शांति-स्थिरता के महत्व को चर्चा में किया रेखांकित

भारत की अध्यक्षता में इस साल होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए चीन ने दिया अपना समर्थन

# चीन के कार्यकारी उप-विदेश मंत्री से हुई विदेश सचिव मिस्री की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को राजधानी में चीन के कार्यकारी उप-विदेश मंत्री मा झाओक्सू से मुलाकात की है। दोनों के बीच हुए इस सामरिक संवाद में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों सहित अन्य विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस वार्ता में मुख्य रूप से द्विपक्षीय चर्चाओं में संबंधों को स्थिर बनाने के अलावा उनके पुनर्निर्माण को लेकर हुई प्रगति के अलावा संबंधित गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने आपसी



संबंधों की समूची प्रगति के लिए सीमा पर शांति और स्थिरता को बनाए रखने के महत्व को भी प्रमुखता के साथ रेखांकित किया है। मंत्रालय ने कहा कि चीन के कार्यकारी उप विदेश मंत्री की ये भारत यात्रा 8 से 10 फरवरी के बीच ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने के लिए की गई थी।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का दायरा बढ़े

मंत्रालय ने बताया कि बैठक में मिस्री और मा झाओक्सू ने अपने-अपने देश के शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन के क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार से जुड़े मुद्दों और चिंताओं को लेकर राजनीतिक और सामरिक दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन की सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। बैठक में विदेश सचिव ने चीन के मंत्री के समक्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः सफलता के साथ हुई शुरुआत के मामले को भी उठाया और उसके साथ ही यात्रा के निरंतर विस्तार की उम्मीद जताई। दोनों पक्षों ने एक अपडेटेड हवाई सेवाओं से ▸▸शेष पेज 5 पर

### ब्रिक्स सम्मेलन को चीन का समर्थन

वार्ता में दोनों ने बहुपक्षीय सहयोग के विषयों पर चर्चा की। जिसमें इस वर्ष की जाने वाली भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता भी शामिल है। चीन के कार्यकारी उप-विदेश मंत्री ने भारत में एक सफल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर अपने देश की तरफ से समर्थन देने का ऐलान किया है। साथ ▸▸शेष पेज 5 पर

## सीएम ने नए शैक्षणिक ब्लॉक व 101 अत्याधुनिक आईसीटी लैब्स का किया उद्घाटन

# सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक सुविधाओं से शिक्षा मॉडल को मिली नई मजबूती : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लैब्स और आधुनिक सुविधाओं से शिक्षा मॉडल को नई मजबूती मिली है। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिलशाद गार्डन स्थित डाइट (डीआईईटी) और सर्वोदय विद्यालय, मानसरोवर गार्डन में नए शैक्षणिक ब्लॉकों के उद्घाटन करने के अवसर पर कही। वहीं मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए 101 अत्याधुनिक आईसीटी लैब्स का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य केवल बड़ी इमारतें बनाना नहीं, बल्कि उन इमारतों के भीतर



बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा और तकनीक देना है। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधायक हरीश खुराना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली के सरकारी स्कूलों में भवनों के उद्घाटन, 101 से अधिक कंप्यूटर लैब्स की शुरुआत और नई शैक्षणिक इमारतों के लोकार्पण के माध्यम से शिक्षा विभाग ने अपने 355 दिनों के कार्यकाल में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने लाडली फाउंडेशन और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सरकार और समाज की साझेदारी से ही बड़े परिवर्तन संभव होते हैं। सीएसआर के माध्यम से 101 कंप्यूटर लैब्स, 2 हजार से अधिक कंप्यूटरों की उपलब्धता और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य दिल्ली को देश में सबसे अधिक स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब, आधुनिक खेल मैदान और उत्कृष्ट शैक्षणिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य बनाना है। शिक्षा के साथ-साथ खेल, पोषण आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग अपने एक वर्ष के कार्यकाल में 75 सीएम श्री स्कूलों का उद्घाटन करने जा रहा है, जो गुणवत्ता के उच्च मानकों का प्रतीक होंगे। साथ ही 'नींव' पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों में नैतिकता, नागरिक जिम्मेदारी और देश प्रेम को मजबूत किया जाएगा।

### बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार

मुख्यमंत्री ने मानसरोवर गार्डन स्थित सर्वोदय विद्यालय में नवनिर्मित ग्राउंड प्लस 3 मंजिला विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस परियोजना के तहत भवन में कुल 29 कक्षाओं सहित सभी सुविधाएं व विद्यार्थियों की संख्या और शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। इसके अलावा दिलशाद गार्डन स्थित डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (**DIET**) परिसर में भी ग्राउंड प्लस 3 मंजिला नवीन भवन का उद्घाटन किया गया। यह भवन में 19 कक्षाओं सहित शिक्षक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक नवाचारों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त है।

### शिक्षकों-विद्यार्थियों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

इस अवसर पर अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) के सीएसआर सहयोग से लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर दिल्ली के 101 सरकारी विद्यालयों में 101 उन्नत आईसीटी कंप्यूटर लैब्स स्थापित की गई हैं। प्रत्येक लैब में 20 कंप्यूटर तथा इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले (आईएफपीडी) उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए डिजिटल स्किल प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और संरचित लर्निंग सपोर्ट भी प्रदान किया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शिखर धवन बने 'दिल्ली खेल महाकुंभ' के ब्रांड एंबेसडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ शिखर धवन के मार्गदर्शन और प्रेरणा से दिल्ली के युवा खिलाड़ियों को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास पहचान मिलेगी : सूद

देश के प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं दिल्ली के गौरव शिखर धवन को दिल्ली में 13 फरवरी 2026 से शुरू हो रहे दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दी है। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में शिखर धवन से मुलाकात की। सूद ने कहा की धवन ने दिल्ली सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को देखकर, स्वयं स्फूर्त होकर दिल्ली के खेलों के ब्रांड एंबेसडर बनने का निर्णय लिया है। सूद ने कहा कि दिल्ली के बच्चों और युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से धवन ने दो कदम आगे बढ़कर यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कक्ष में धवन का आभार व्यक्त किया और दिल्ली के खिलाड़ियों के प्रति उनके इस योगदान की सराहना की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली के युवाओं और खिलाड़ियों की ओर से एक अत्यंत सफल खिलाड़ी और प्रेरणादायी व्यक्तित्व शिखर धवन का स्वागत करते हुए गर्व महसूस कर रही है, जिन्होंने अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए दिल्ली के खिलाड़ियों को आगे ले जाने का संकल्प लिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली खेल महाकुंभ 13 तारीख से प्रारंभ हो रहा है, जिसके उद्घाटन समारोह से लेकर पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु शिखर धवन की उपस्थिति रहेगी। सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार को विश्वास है कि धवन के मार्गदर्शन और प्रेरणा से दिल्ली के युवा खिलाड़ियों को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और पहचान मिलेगी।

### ब्रैंड एम्बेसडर बनने पर खुश हूं : धवन

इस अवसर पर शिखर धवन ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए मुझे ब्रैंड एम्बेसडर बनाया गया है। दिल्ली ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इस मिट्टी की सेवा करने के लिए मैं हमेशा हाजिर हैं। मुझे बड़ी खुशी है कि दिल्ली सरकार ने इतना अच्छा इनिशिएटिव लिया और यूथ के लिए इतना अच्छा इनिशिएटिव, इतना अच्छा प्लेटफार्म बना रहे हैं ताकि हमारे युवा स्पोर्ट्स में अच्छा करें, डिफरेंट करें।

## डिफाल्टर मामलों, अनियमित ब्याज दरों और दोहरी सदस्यता जैसी समस्याओं पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डिफाल्टर मामलों, अनियमित ब्याज दरों और दोहरी सदस्यता जैसी समस्याओं पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी तथा सभी संस्थाओं के लिए समान और स्पष्ट नियम लागू किए जाएंगे। यह बात जानकारी मंगलवार को दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली सचिवालय में क्रेडिट व थ्रिफ्ट सहकारी संस्थाओं की बैठक करने के बाद दी। बैठक में सहकारी संस्थाओं की वर्तमान चुनौतियों, ऋण वसूली, डिफाल्टर प्रबंधन, दोहरी सदस्यता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा सहकारिता को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री इंद्राज ने कहा कि सहकारिता में 'जेंटलमैन कमिटमेंट' और ईमानदारी का भाव दिखाई देना



चाहिए, तभी जनता का विश्वास बढ़ेगा। बैठक में सदस्यों ने सुझाव दिया कि सहकारी संस्थाओं को समाज कल्याण के कार्यों में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और सरकार तथा सहकारिता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। मंत्री ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि सहकारिता विभाग को और अधिक सहभागी एवं उत्तरदायी बनाया जाएगा। रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने संस्थाओं की समस्याओं को सुनते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, इनमें प्रमुख रूप से दोहरी सदस्यता की पहचान और डिफाल्टर सदस्यों पर सख्त कार्रवाई होगी। दिल्ली राज्य सहकारिता अधिनियम की धारा 52 व 71 के आदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन। लंबित ऋण वसूली मामलों में कार्रवाई तेज करना,पात्र संस्थाओं को दिल्ली राज्य सहकारी बैंक की सदस्यता समयबद्ध तरीके से देना, और विभाग में वसूली प्रक्रिया को मजबूत करना शामिल है। उन्होंने कहा कि कहा कि दिल्ली की कई सहकारी संस्थाएं 50 वर्षों से अधिक पुरानी हैं और उनकी कार्यशैली सहकारिता की विश्वसनीयता का उदाहरण है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई संस्थाओं को भी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा।

## ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने परिवहन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली टैक्सी टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने मंगलवार को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली की परिवहन आयुक्त निहारिका राय से मुलाकात की और दिल्ली परिवहन विभाग से जुड़ी कई लंबित समस्याओं को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संजय सम्राट ने बताया कि परिवहन से जुड़े लोगों को पिछले कई वर्षों से अनेक जटिल नियमों और भ्रष्टाचारपूर्ण व्यवस्थाओं के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन सभी मुद्दों को दूर करने और



सिस्टम में पारदर्शिता लाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि डीजल और पेट्रोल वाहनों की वैधता अवधि। 20 हजार रुपए के चालानों की माफी। पैनिक बटन डिवाइस पर जांच आदि मामले शामिल हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष सम्राट ने बताया कि ट्रांसपोर्ट आयुक्त राय ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए।

## शिक्षक के हाथों में युगों को परिवर्तित करने की है क्षमता : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षक सही मायने में राष्ट्र निर्माता है और उसके हाथों में युगों को परिवर्तित करने की क्षमता है और यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मुझे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिला जिसमें शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर परिसर स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आयोजित निगम शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में निगम विद्यालयों के 91 उत्कृष्ट शिक्षकों को वर्ष 2025 के निगम शिक्षक सम्मान प्रदान करते हुए कही। उन्होंने कहा कि निगम विद्यालयों से पढ़े छात्र आज आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार और नेता जैसे बड़े पदों की शोभा बढ़ा रहे हैं, यह हम सब के लिए गर्व की बात है। वहीं, उपमहापौर जय भगवान यादव ने कहा कि निगम विद्यालयों में दाखिले के लिए गरीब बच्चे आते हैं मेरा अनुरोध कि दस्तावेजों के अभाव में किसी भी छात्र को शिक्षा से वंचित न रखा जाए। शिक्षा समिति के अध्यक्ष



योगेश वर्मा ने कहा कि गुरु का कहा एक शब्द जीवन परिवर्तन कर देता है, शिक्षकों पर देश का भविष्य टिका है। जबकि उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने कहा कि शिक्षक के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है और समाज में शिक्षक की भूमिका परिवार और देश को आगे बढ़ाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं उन्नयन पत्रिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर निगम के विद्यालयों से पढ़े 22 पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेता सदन प्रवेश वाही, निगम की महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा रेखा रानी, अतिरिक्त आयुक्त एंजल भाटी, शिक्षा निदेशक निखिल तिवारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।


## रेखा सरकार का एक साल- दिल्ली को स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने की शानदार शुरुआत

# युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर, विजेताओं के लिए सबसे ज्यादा पुरस्कार लेकर आई रेखा सरकार

## खेल और खिलाड़ियों के लिए रेखा सरकार का 1 साल बेमिसाल

नई दिल्ली

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पिछले एक साल में दिल्ली एक ऐसी स्पोर्ट्स कैपिटल के रूप में उभर रही है, जहां मेहनत करने वाले खिलाड़ियों को संसाधन, सम्मान और भविष्य तीनों की गारंटी मिल रही है। दिल्ली के युवा इस बदलाव को मैदानों में, ट्रैक्स पर, अभ्यास के उन घंटों में जहाँ भविष्य गढ़ा जाता है – वहां महसूस कर रहे हैं।

बीते एक साल में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खेल को शौक के दायरे से निकालकर करियर की गंभीरता दी है। रेखा गुप्ता सरकार ने खिलाड़ियों को वह भरोसा दिया है, जो अभ्यास के मैदान में सबसे ज़्यादा ज़रूरी होता है—कि मेहनत का फल मिलेगा। खेल नीति, नौकरी की गारंटी और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ दिल्ली में खेल अब अनिश्चित भविष्य नहीं, बल्कि सम्मानजनक रास्ता बन गया है। दिल्ली आज खिलाड़ियों को केवल मेडल जीतने का मंच नहीं, बल्कि जीवन जीतने का अवसर दे रही है।




### मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना: मेहनत को सबसे बड़ा सम्मान

दिल्ली सरकार ने राजधानी के खेल ईकोसिस्टम को पूरी तरह बदलने के लिए ऐतिहासिक 'मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दी है। यह योजना खिलाड़ियों को आर्थिक सहारा, समाज में सम्मान और सुरक्षा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट विजन है कि दिल्ली का हर बच्चा आत्मनिर्भर, सशक्त और आत्मविश्वासी बने।

### मेहनत को मेडल और मेडल को नौकरी

मुख्यमंत्री ने एक क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों के द्वार खोल दिए हैं। अब ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक पदक विजेताओं को ग्रेड-**A** के सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति मिलेगी। इसी तरह, एशियाई और कॉमन वेल्थ पदक विजेताओं को उनकी उपलब्धि के आधार पर ग्रेड-**B** की नौकरियों में स्थान दिया जाएगा। इससे दिल्ली की प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा और उनका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

### खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहा है रिकॉर्ड निवेश

दिल्ली सरकार ने खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अब तक का रिकॉर्ड निवेश करते हुए राजधानी में आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा दी है। इसके तहत हिरण कूदना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को लगभग 3.5 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है, जहाँ 200 मीटर का सिंथेटिक ट्रैक, फील्ड इवेंट्स की आधुनिक सुविधाएँ और एक मल्टी-पर्पज ग्राउंड उपलब्ध कराया गया है। यह परिसर खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिता—दोनों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। ये केंद्र पे-एंड-प्ले मॉडल पर आम जनता के लिए खुले हैं, जिससे खेल अब केवल चुनिंदा इलाकों या वर्गों तक सीमित न रहकर, हर नागरिक की पहुँच में आ गए हैं।

दिल्ली सरकार की खेल नीति का उद्देश्य हर खिलाड़ी को समान अवसर प्रदान करना है। इसी सोच के तहत दिव्यांग-अनुकूल स्टेडियमों के विकास और मुंडका में अंतरराष्ट्रीय स्तर की दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण से खेल शिक्षा और प्रशिक्षण को भी मजबूती दी जा रही है।



### खिलाड़ियों को आर्थिक संबल

■ एलीट एथलीट्स: ट्रेनिंग और डाइट के लिए 20 लाख रुपए तक की वार्षिक सहायता और 10 लाख रुपए का मेडिकल इंश्योरेंस।

■ स्कूली खिलाड़ी: उभरती प्रतिभाओं को 5 लाख रुपए तक की सहायता और 5 लाख रुपए का मेडिकल इंश्योरेंस।

■ अंतरराष्ट्रीय यात्रा: विदेशी टूर्नामेंटों के लिए यात्रा और भोजन हेतु 2 लाख रुपए तक की वित्तीय मदद।

### अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ाए गए हैं, जिससे दिल्ली अब भारत में ओलंपिक विजेताओं को सबसे अधिक इनामी राशि देने वाला राज्य बन गया है:

1. ओलंपिक/पैरालंपिक: स्वर्ण 7 करोड़ । रजत 5 करोड़ । कांस्य 3 करोड़
2. एशियाई खेल: स्वर्ण 3 करोड़ । रजत 2 करोड़ । कांस्य 1 करोड़
3. कॉमनवेल्थ गेम्स: स्वर्ण 2 करोड़ । रजत 1.5 करोड़ । कांस्य 1 करोड़

### प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है

**टीम इवेंट्स**

1. स्वर्ण: 1,75,000 रुपए 2. रजत: 1,51,000 रुपए 3. कांस्य: 1,31,000 रुपए

**व्यक्तिगत स्पर्धाएं**

1. स्वर्ण: 11,000 रुपए 2. रजत: 9,000 रुपए 3. कांस्य: 7,000 रुपए





### 13 फरवरी से दिल्ली खेल महाकुंभ: 20 हजार+ खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

राजधानी में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से 13 फरवरी 2026 से 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर खेलों का यह मंच साकार हो रहा है। इस महाकुंभ का आयोजन 16 विभिन्न स्टेडियमों में किया जाएगा, जहाँ कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वैश जैसे खेलों में 20,000 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0128/25-26

## लाडली योजना का विस्तार, लड़कियों को मिलेंगे एक लाख रुपये

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुरू की 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की लड़कियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने मंगलवार को 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' शुरू करने की घोषणा की, जो वर्ष 2008 की लाडली योजना को एक दशक से अधिक समय बाद उन्नत और पुनर्गठित करती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की कोई भी बालिका आर्थिक बाधाओं के कारण अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने के लिए मजबूर न हो, साथ ही उसके प्रमुख शैक्षणिक चरण पूरे होने तक एक दीर्घकालिक बचत कोष तैयार किया जा सके, जो परिपक्वता पर उपलब्ध हो। नई योजना के तहत सरकार प्रत्येक लाभार्थी को अधिकतम 56 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। यह हमारी बेटियों के भविष्य और इसलिए हमारे देश के भविष्य में निवेश है, जो उनके सक्षम हाथों में है। जैसे-जैसे लड़कियां शिक्षा के चरण पार करेंगी, हम उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में सीधे 56,000 रुपये तक जमा करेंगे, जो परिपक्वता पर ब्याज सहित 1 लाख रुपये से अधिक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जब वर्तमान सरकार ने



कार्यभार संभाला, तब यह पाया गया कि बड़ी संख्या में परिपक्वता खाते अनक्लेम्ड पड़े थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1.86 लाख से अधिक परिपक्वता खाते अनक्लेम्ड पड़े थे, जिसका अर्थ है कि हमारी बेटियों के लिए निर्धारित धन समय पर उन तक नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में पहले ही ऐसे 30 हजार लाभार्थियों को 90 करोड़ रुपये की अनक्लेम राशि वितरित की जा चुकी है। अब हमने 41 हजार और लड़कियों की पहचान की है और शीघ्र ही उन्हें 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। कुल मिलाकर 190 करोड़ रुपये जो इन लड़कियों का अधिकार है, उन्हें सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

### योजना की पात्रता शर्तें

दिल्ली लखपति बिटिया योजना के तहत पात्रता शर्तों में पूर्व लाडली योजना की तुलना में कुछ संशोधन किए गए हैं। यह योजना दिल्ली में जन्मी उन लड़कियों पर लागू होगी, जिनके परिवार कम से कम तीन वर्षों से शहर में निवास कर रहे हों और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो। लाभ परिवार की अधिकतम दो जीवित बालिकाओं तक सीमित रहेगा। लड़कियों का पंजीकरण जन्म के एक वर्ष के भीतर या बाद में कक्षा 1, 6, 9, 11 में प्रवेश के समय अथवा मान्यता प्राप्त स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश पर कराया जा सकता है। वहीं इस योजना में उन लड़कियों को भी शामिल किया जाएगा जो भारत में कहीं भी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थानों, विश्वविद्यालयों या यूजीसी अथवा अन्य वैधानिक निकायों से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा कर रही हों।

### शिक्षा से जुड़ी चरणबद्ध वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** योजना के ढांचे के अनुसार सरकार महत्वपूर्ण चरणों पर निम्नानुसार सहायता राशि जमा करेगी, जैसे बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपये, कक्षा 1 में प्रवेश पर 5 हजार रुपये, कक्षा 6 में प्रवेश पर 5 हजार रुपये, कक्षा 9 में प्रवेश पर 5 हजार रुपये, कक्षा 10 उत्तीर्ण करने पर 5 हजार रुपये, कक्षा 12 में प्रवेश पर 5 हजार रुपये। डिप्लोमा या स्नातक पूर्ण करने पर लाभार्थियों के खातों में अतिरिक्त 20 हजार रुपये चरणों में जमा किए जाएंगे।

## एआई समिट के लिए 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- नई दिल्ली जिले में लोकल पुलिस ने फुट पेट्रोलिंग की शुरू

राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पूरे नई दिल्ली जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। लोकल पुलिस ने सोमवार रात से ही फुट पेट्रोलिंग भी जिले में शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसर यह पांच दिवसीय कार्यक्रम भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा और इसमें 30 से अधिक देशों के हजारों प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारत मंडपम के आसपास और निकटवर्ती इलाकों में ही दिल्ली पुलिस के 10 हजार से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इनमें जिला पुलिस बल, यातायात पुलिस, विशेष इकाइयां और आरक्षित बल शामिल होंगे। दिल्ली के लगभग सभी जिलों से अधिकारियों और कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों से पता चला कि प्रत्येक जिले से 'समिट' से संबंधित कर्तव्यों के लिए 800 से एक हजार कर्मी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

## रबड़ का सामान बनाने की फैक्टरी में लगी भीषण आग

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सिरसपुर में मंगलवार सुबह एक रबड़ का सामान बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। फिलहाल शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आग लगने के संबंध में सूचना सुबह छह बजकर 15 मिनट पर प्राप्त हुई थी। मौके पर पांच दमकल गाड़ियां पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया था।

## बेटे से गलती से चली गोली, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हजरत निमामुद्दीन थाना इलाके में एक महिला की गोली लगने से मौत हो गई। मृतका का नाम सुमति (37) बताया गया है। पुलिस ने मामले में महिला के 18 वर्षीय बेटे तरुण को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि युवक अपनी मां को हथियार दिखा रहा था और उससे गलती से गोली चल गई थी।

पुलिस के अनुसार पंत नगर, जंगपुरा के वाल्मीकि मंदिर जेजे कॉलोनी में यह घटना सामने आई। पीसीआर के जरिये लोकल पुलिस को मूलचंद हॉस्पिटल से सोमवार रात 10:39 बजे घटना की सूचना मिली, जिसमें बताया गया कि एक महिला को गोली लगी थी और उसे मृत घोषित किया गया है। मृतक की पहचान सुमति के रूप में हुई है। वह पंत नगर, जंगपुरा की रहने वाली थी। महिला परिवार का गुजारा करने के लिए आस-पास के घरों में काम करती थी। परिवार में पति छोटू और तीन बच्चे हैं। इनमें एक 11 साल बेटी भी शामिल है। छोटू दिहाड़ी माली हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि गोली महिला के बेटे तरुण (18) से गलती से चली थी।

तरुण ने कथित तौर पर आश्रम इलाके में एक व्यक्ति से एक देसी कट्टा खरीदा था। जब वह अपनी मां को हथियार दिखा रहा था, तो गलती से गोली चल गई और उनके चेहरे पर लग गई। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुये तरुण को अरेस्ट कर लिया है। वह पुलिस को पास के एक नाले तक ले गया जहां उसने कट्टा फेंका था। बाद में पुलिस ने हथियार भी बरामद कर लिया। गैर-कानूनी हथियार के सप्लायर को गिरफ्तार करने की कोशिशें अभी चल रही हैं।

## 31 लाख की धोखाधड़ी में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने इन्वेस्टमेंट फ्रॉड केस में तीन लोगों



को पकड़ा है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर आरोपियों के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज थी। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से आरोपियों को पकड़ा गया। रिपोर्ट किए गए मामले में टेक्नोलॉजी सेक्टर की एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले शिकायतकर्ता से शेयर मार्केट और आईपीओ में इन्वेस्ट करने के बहाने 31 लाख की ठगी की गई थी। इनके नाम सर्वजीत (35), पवन (33) और पुनीत (32) है।

## बवाना मर्डर : लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में कारोबारी की गोली मारकर हत्या के एक दिन बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने मंगलवार को इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। यह दावा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। दावे की प्रामाणिकता और हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीम का गठन किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसर यह पोस्ट रणदीप मलिक अनिल पंडित नाम के अकाउंट से की गई है। हत्या लॉरेंस बिश्नोई, जितेंद्र गोगी मान, हाशिम बाबा और काला राणा गिरोह के इशारे पर की गई है। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि कारोबारी वैभव गांधी गिरोह की गतिविधियों में हस्तक्षेप कर रहा था। हिंदी और अंग्रेजी में लिखी गई पोस्ट में कहा गया कि यह घटना एक चेतावनी है कि जो कोई भी उनके कार्यों में बाधा डालेगा उसे बिना किसी पूर्व सूचना के जान से मार दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार प्लास्टिक दाना बनाने वाले 35 वर्षीय वैभव गांधी की सोमवार दोपहर बवाना में उनकी फैक्टरी के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गांधी जब लैपटॉप बैग लेकर फैक्टरी के बाहर खड़े थे तभी दोपहर करीब 12.51 बजे गोलीबारी की घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मोटरसाइकिल सवार तीन हमलावर उनके पास आए और बैग छीनने की कोशिश की। जब पीड़ित ने भागने की कोशिश की तो हमलावरों ने करीब 40-50 मीटर तक उनका पीछा किया और कई गोलियां चलाई। एक गोली लगने से वह गिर पड़े। इसके बाद हमलावर पीड़ित का सामान लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद गांधी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को शुरुआत में यह संदेह था कि यह लूटपाट के विरोध में हुई हत्या का मामला है। हालांकि, सोशल मीडिया पोस्ट सामने आने के बाद जांच का ध्यान जबरन वसूली और संगठित अपराध की ओर चला गया है। मामले की जांच के लिए कई टीमों को गठित किया गया है। पुलिस घटना से संबंधित जानकारी के लिए बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। साथ ही पुलिस उक्त अकाउंट के उपयोगकर्ता रणदीप मलिक और अनिल पंडित यूएसए से संबंधित जानकारी जुटा रही है, ताकि उनके मूल स्थान और गिरोह के सदस्यों से संबंधों का पता लगाया जा सके।

## क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के बहाने सीए से ठगी, चार अरेस्ट

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के बहाने सीए महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम अभिषेक, विवेक, इकरार और आशीष बताये गये हैं। डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार सोनम चौहान निवासी कृष्णा नगर, शाहदरा की शिकायत पर चार फरवरी को केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता से एक अनजान व्यक्ति ने कोटक महिंद्रा बैंक का एजेंट बनकर संपर्क किया था। महिला से उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कहीं गई थी। उसे व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी। उस फाइल को डाउनलोड और इंस्टॉल करने पर महिला के मोबाइल फोन से छेड़छाड़ की गई और उसकी सहमति के बिना क्रेडिट कार्ड से 75,694 की रकम धोखाधड़ी से डेबिट कर ली गई थी। जांच के दौरान पता चला कि धोखेबाजों ने जेप्टो ऑनलाइन पोर्टल के जरिए 75,694 कीमत के इलेक्ट्रॉनिक और दूसरे सामान खरीदने के लिए एक कॉम्प्रोमाइज़्ड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया, जो चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद में डिलीवर किए गए थे। मनी ट्रेल का टेक्निकल एनालिसिस किया गया और जेप्टो से बेनिफिशियरी डिटेल्स के बाद संदिग्धों के लिंक की पहचान करने में पुलिस कामयाब रही।



## भक्ति, संस्कृति और युवा ऊर्जा के अद्भुत संगम की साक्षी बन रही दिल्ली : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली भक्ति, संस्कृति और युवा ऊर्जा के अद्भुत संगम की साक्षी बन रही है, जहां आध्यात्मिक अनुभूति आधुनिक अभिव्यक्ति के साथ नए स्वरूप में सामने आ रही है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में 'भजन क्लबिंग' के दस दिवसीय आयोजन 'वसंतोत्सव 2026' का शुभारम्भ करने के अवसर पर कही। इस अवसर पर कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में लीला बैंड की संगीत प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय




बना दिया। छात्र-छात्राओं के साथ मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी भजन प्रस्तुति में सहभागिता की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'भजन-कीर्तन को भारतीय संस्कृति की आत्मा कह कर इस परम्परा की सराहना की है। दिल्ली सरकार का यह प्रयास 'वसंतोत्सव 2026' उसी दिशा में है। सीएम ने कहा कि 'भजन क्लबिंग' युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों, समृद्ध विरासत और आध्यात्मिक चेतना से पुनः जोड़ने की एक अभिनव पहल है। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार 10 फरवरी से 19 फरवरी 2026 तक एक विशेष सांस्कृतिक श्रृंखला के माध्यम से युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। दिल्ली देश के साथ कला एवं संस्कृति की भी राजधानी बने, इस दिशा में यह एक और सार्थक प्रयास है।

## वसंत कुंज में फंदे से लटका मिला प्रापर्टी डीलर का शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज इलाके में 49 वर्षीय एक प्रॉपर्टी डीलर का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस को इस घटना की जानकारी सोमवार शाम मिली। पुलिस शव को मोर्चरी भिजवा मामले की जांच कर रही है। मृतक परिवार से अलग रहता था। पुलिस के अनुसार मामले में फिलहाल किसी पर भी संदेह नहीं जताया गया है।

लोकल पुलिस को वसंत कुंज के एक घर में व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना सोमवार शाम छह बजकर 19 मिनट पर मिली थी। इसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घर को अंदर से बंद पाया और दरवाजा खोलने के लिए दमकल विभाग की मदद ली गई। घर में एक व्यक्ति का शव प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पंखे से लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। बाद में मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान की। मृतक के परिजन और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए गए और मौत से जुड़ी परिस्थितियों को लेकर उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाया और ना ही किसी प्रकार का संदेह जताया।

## नाबालिग की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने दो को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में एक नाबालिग लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सोमवार रात करीब पौने नौ बजे पुलिस को इसकी सूचना मिली। कार्रवाई करते हुये दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि यह घटना पीड़ित और दोनों लड़कों के बीच हुए झगड़े के बाद हुई।

पुलिस नियंत्रण कक्ष को सोमवार रात एक फोन कॉल के जरिए वारदात की सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल को एक सामुदायिक केंद्र के पास खुले इलाके में पड़ा पाया। पेट में चाकू से वार किया गया था। किशोर को गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां



उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर के पिता दर्जी का काम करते हैं और उसके दो भाई हैं। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में दो नाबालिग लड़कों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ दी है और वे आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से संबंध रखते हैं।

## आश्रय स्थलों में सुविधाओं का मूल्यांकन करेगी दिल्ली सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली भर में बेघरों के लिए बने रात्रि आश्रय स्थलों में सुविधाओं, सुरक्षा, पहुंच और प्रबंधन का मूल्यांकन दिल्ली सरकार करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) ने मंगलवार को दी है। डूसिब ने बताया कि इस मूल्यांकन में आश्रयों में उपलब्ध बुनियादी ढांचे का आकलन किया जाएगा, जिसमें बिस्तर, स्वच्छता, पीने का पानी, प्रकाश व्यवस्था, बिजली, प्राथमिक चिकित्सा और पका हुआ भोजन उपलब्ध होना शामिल है। डूसिब ने बताया कि मूल्यांकन में यह भी जांच की जाएगी कि क्या आश्रय स्थल वहां रहने वाले लोगों को खराब मौसम, स्वास्थ्य जोखिमों और सड़कों पर होने वाली हिंसा से पर्याप्त रूप से सुरक्षित रखते हैं। डूसिब के मुताबिक, मूल्यांकन में आश्रय स्थलों की सुलभता की समीक्षा की जाएगी, जिसमें स्थान, प्रवेश मानदंड, संचालन समय और महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों, दिव्यांगजनों व प्रवासियों के लिए समावेशिता शामिल है। डूसिब ने बताया कि मूल्यांकन में बेघर व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों के बीच रात्रि आश्रय स्थलों की पहुंच का आकलन किया जाएगा। साथ ही इन सुविधाओं का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए किए गए जागरूकता व पहुंच प्रयासों का मूल्यांकन किया जाएगा। डूसिब ने कहा कि मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य संबंधी कमजोरियों, श्वसन संबंधी बीमारियों, संक्रमणों, कुपोषण, सामाजिक बहिष्कार और मनोवैज्ञानिक तनाव में कमी जैसे अप्रत्यक्ष परिणामों का भी आकलन किया जाएगा। डूसिब ने कहा कि मूल्यांकन में बेघर लोगों के लिए उपलब्ध आश्रय स्थलों व स्वास्थ्य सेवाओं, नशा मुक्ति कार्यक्रमों, पहचान दस्तावेजों और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संबंधों का विश्लेषण किया जाएगा। डूसिब के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के 13 जिलों में वर्तमान में 197 आश्रय स्थल हैं, जिनमें से 82 स्थायी भवनों में और 115 पोर्टेबल केबिन संरचनाओं में संचालित हैं।

## मुकुंदपुर-बुराड़ी मुख्य मार्ग पर गड्ढा दोबारा बदहाल

# 'बाहरी रिंग रोड पर फिर बना जानलेवा गड्ढा, चालक परेशान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के बाहरी रिंग रोड स्थित मुकुंदपुर से बुराड़ी जाने वाले मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्युडी) द्वारा हाल ही में भरा गया गड्ढा एक बार फिर उखड़ गया है, जो अब वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरे का कारण बन चुका है। खासतौर पर रोज़ाना इस मार्ग से गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

दुपहिया वाहन चालकों का कहना है कि जैसे ही मुकुंदपुर से बुराड़ी की ओर मुख्य मार्ग पर चढ़ते हैं, कुछ ही दूरी पर यह भरा हुआ गड्ढा अचानक सामने आ जाता है। सड़क की सतह फिर से बदहाल हो चुकी है, जिससे संतुलन बिगड़ने और फिसलने का खतरा लगातार बना रहता है। इस



संबंध में क्षेत्रीय निगम पार्षद और सिविल लाइन जोन में वार्ड समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को जानकारी देने की बात कही है।

### गंभीर रूप से चोटिल हो सकते हैं वाहन चालक

वाहन चालकों ने बताया कि यदि आगे कोई बस या भारी वाहन चल रहा हो और उसके पीछे दुपहिया वाहन हो, तो गड्ढा दिखाई नहीं देता। ऐसे में अचानक सामने आने पर दुपहिया चालक गंभीर रूप से चोटिल हो सकते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने केवल औपचारिक खानापूर्ति करते हुए गड्ढा भरा था, जिसकी वजह से कुछ ही दिनों में सड़क फिर से उखड़ गई।

### मार्ग की कराई जाए स्थायी मरम्मत

स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस मार्ग की स्थायी मरम्मत कराई जाए और जब तक पुख्ता कार्य न हो, तब तक चेतावनी संकेतक और बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। प्रशासन की लापरवाही किसी दिन बड़ा हादसा करा सकती है। समय रहते ठोस कदम उठाना जरूरी है।

## दिल्ली सरकार की कर्ज देने वाली एजेंसी डीएफसी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- परिसमापन के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित

दिल्ली सरकार ने बढ़ते घाटे के चलते कर्ज देने वाली एजेंसी दिल्ली वित्त निगम (डीएफसी) को बंद कर दिया है और इसकी परिसमापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डीएफसी के परिसमापन की अधिसूचना वित्त विभाग ने छह फरवरी को जारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस संस्थान को बंद करने का निर्णय लिया गया था। मझोली, लघु और सूक्ष्म परियोजनाओं को ऋण प्रदान करने वाली डीएफसी को जिन 'गंभीर वित्तीय कठिनाइयों' का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें पिछले वर्ष नवंबर में इसके निदेशक मंडल के सदस्यों की बैठक में उजागर किया गया था। बोर्ड को सूचित किया गया था कि डीएफसी की शेयर पूंजी में भारी गिरावट आई है और 42 करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है। सितंबर, 2025 तक यह दिल्ली सरकार को देय 80 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋण को चुकाने की स्थिति में भी नहीं थी। इसके अलावा, आधिकारिक दस्तावेजों से पता चला है कि निगम की संपूर्ण पूंजी और भंडार पूरी तरह से समाप्त हो गए थे और इसकी शुद्ध संपत्ति (नेटवर्थ) में 15 करोड़ रुपये की गिरावट आई थी।

**खबर संक्षेप**

## गांजा बेचने व उपलब्ध करवाने वाला दो काबू



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने कार्रवाही करते हुए गांजा बेचने व उपलब्ध करवाने वाला दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 फरवरी को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए सौरभ निवासी बसेलवा कालोनी फरीदाबाद को 256 ग्राम गांजा सहित बसेलवा कालोनी से काबू किया है।

## नहीं मिली चेतन के बैंक खातों की जानकारी



**गाजियाबाद।** यहां की भारत सिटी सोसायटी में तीन बहनों की आत्महत्या के मामले में पुलिस अपनी जांच रिपोर्ट में नौ लोगों के बयान शामिल करेगी। इनमें किशोरियों के पिता चेतन, मां सुजाता व हिना और चेतन की तीसरी पत्नी टीना मुख्य रूप से शामिल हैं। इनके अलावा दो प्रत्यक्षदर्शियों अपर्णा व अरुण, सुजाता के माता-पिता और एओए अध्यक्ष जयप्रकाश ठाकुर के भी बयान दर्ज होंगे।

## 10 लाख बच्चों को पेट के कीड़े की दवा खिलाई

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक साल से 19 साल के युवाओं को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। कुल सवा 10 लाख लोगों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई गई। जनपद के 2407 सरकारी और निजी स्कूलों तथा 1371 आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाने का अभियान चलाया गया। दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन सहित ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाकर किया।

## मारपीट करने के मामले में 3 को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बीते 31 जनवरी को दिन के समय गांव बडौली के पास स्थित सैलून में मारपीट करने के मामले में थाना बीपीटीपी पुलिस ने करण व तरुण, घनश्याम को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने थाना बीपीटीपी में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह अन्य दोस्त के साथ गांव के पास में ही स्थित सैलून में बाल कटवाने गया था। जहां 7-8 लड़के हाथ में डंडे व रॉड लेकर आए और शिकायतकर्ता व उसके दोस्त के साथ मारपीट की। शिकायत पर थाना बीपीटीपी मामला दर्ज किया।

# रोजगार, विकास और आत्मनिर्भर भारत का घोषणापत्र है केंद्रीय बजट

## आर्थिक इतिहास में एक दूरदर्शी और निर्णायक दस्तावेज

**बजट को आंकड़ों तक सीमित नहीं रखाः मंत्री राजेश नागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट को भारतीय लोकतंत्र के आर्थिक इतिहास में एक दूरदर्शी और निर्णायक दस्तावेज बताया है। वह यहां अपने निवास पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि केंद्र का बजट हरियाणा के बजट को दिशा देने का काम करेगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में समग्र हरियाणा के विकास के लिए हरियाणा वासियों के लिए सौगातें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आगामी एक वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की ठोस रूपरेखा है। इस बजट के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब तात्कालिक राजनीतिक लाभ की सोच से ऊपर उठकर दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के आधार पर नीतियां बना रहा है।



उन्होंने कहा कि बजट की विशेषता है कि विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे रोजगार, अवसर और आत्मनिर्भरता से जोड़ा गया है। विनिर्माण, सेवा और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सेमीकंडक्टर मिशन, बायोफार्मा शक्ति, टेक्सटाइल पार्क, रसायन पार्क और आईटी सेवाओं को दिया गया। प्रोत्साहन यह दर्शाता है कि सरकार भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का केंद्र बनाना चाहती है। इससे युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजित होंगे और भारत की प्रतिभा को देश में ही अवसर मिलेंगे, न कि विदेशों की ओर पलायन करना पड़ेगा। कहा कि ढांचागत विकास के क्षेत्र में 12.2 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक पूंजी व्यय आने वाले दशकों की नींव रखता है। वहीं समर्पित माल गलियारे, राष्ट्रीय जलमार्गों का विस्तार, तटीय परिवहन, उच्च गति रेल कॉरिडोर, शहरी आर्थिक क्षेत्रों और आधुनिक लॉजिस्टिक नेटवर्क के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने का यह प्रयास अभूतपूर्व है।

### महिलाओं और युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल, सुरक्षा

राजेश नागर ने कहा कि किसानों के लिए यह बजट एक नई आशा लेकर आया है। मोदी सरकार किसान को केवल सहायता का पात्र नहीं, बल्कि कृषि उद्यमी के रूप में स्थापित करना चाहती है। इसके साथ साथ महिलाओं और युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल और सुरक्षा के स्तर पर ठोस प्रावधान इस बजट को सामाजिक रूप से संतुलित बनाते हैं। प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास, सेवा क्षेत्र पर केंद्रित शिक्षा से रोजगार की रणनीति, स्वास्थ्य और देखभाल सेवाओं में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करता है कि भारत की आधी आबादी विकास की धुरी बने।

## 39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में सहकारिता मंत्री ने की शिरकत

# विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की अहम भूमिका

**हादसे में शहीद इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को श्रद्धांजलि दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के सहकारिता मंत्री एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने 39 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला केवल कला और संस्कृति का उत्सव नहीं, बल्कि देश के शिल्पकारों, कलाकारों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अवसर प्रदान करने वाला एक सशक्त मंच है।

उन्होंने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला वर्ष 1987 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इस मेले की भव्यता, सुंदरता और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।



मंत्री डॉ. शर्मा ने हाल ही में मेले से पूर्व घटित दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन, पुलिस, पर्यटन प्राधिकरण और जिला प्रशासन की तत्परता से स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया गया और किसी भी आम नागरिक को कोई क्षति नहीं हुई। उन्होंने जांबाज इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की वीरता और शहादत को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर कई लोगों की जान बचाई, जिसे प्रदेश सदैव स्मरण रखेगा।

### शिल्पकारों और कलाकारों के लिए वैश्विक मंच

सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला शिल्पकारों, कलाकारों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों के लिए एक्सपोजर प्लेटफॉर्म है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 44 देशों ने भाग लिया था, जबकि इस वर्ष 50 से अधिक देशों की सहभागिता इस मेले की बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत के निर्माण में सूरजकुंड शिल्प मेले का भी विशेष योगदान रहेगा, क्योंकि यह मेला स्वदेशी कला, संस्कृति और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करता है।

### खरीदारी कर शिल्पकारों का हौसला बढ़ाने की मंत्री डॉ. शर्मा ने की अपील

मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेले में आने वाले पर्यटक न केवल इसका आनंद लें, बल्कि शिल्पकारों से कुछ न कुछ खरीदारी अवश्य करें। इससे स्थानीय कलाकारों और कारीगरों का मनोबल बढ़ेगा और उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिल्पकारों से संवाद करें, उनके साथ फोटो खिंचवाएं और उनकी कला को प्रोत्साहन दें।

## जंतर-मंतर पर गरजा युवा आक्रोश

# युवा कांग्रेसियों ने पीएम आवास का किया घेराव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारतीय युवा कांग्रेस ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास का घेराव किया और जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का उद्देश्य संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की किताब समेत अन्य अहम राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा से राहुल गांधी को रोके जाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी के खिलाफ विरोध दर्ज कराना रहा। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने किया।

### सरकार राहुल गांधी की आवाज दबा रही

राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने कहा कि देश देख रहा है कि पीएम मोदी संसद से भाग रहे हैं। संसद सत्र चल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री जवाब देने की बजाय विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मौन साधे हुए हैं। दुर्भाग्य की बात यह है कि हर बड़े मुद्दे पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप घोषणा करते हैं और भारत के प्रधानमंत्री चुप रहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी संसद में सच्चाई सामने लाने की कोशिश करते हैं।

### » हर मामले में प्रधानमंत्री समझौता करते नजर आ रहे

सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कि देश की संसद चल रही है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी बहस से भाग गए हैं। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की बदहाली और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार चर्चा नहीं चाहती। हर मामले में प्रधानमंत्री समझौता करते नजर आ रहे हैं। देश का नेतृत्व कमजोर हाथों में चला गया है।

# जांच कमेटी ने झूलों को अनुमति देने वाले विभागों के दस्तावेज खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में झूला टूटने की दर्दनाक घटना के बाद जांच कमेटी ने झूलों को अनुमति देने वाले विभागों के दस्तावेजों की जांच तेज कर दी है। जांच कमेटी द्वारा सूरजकुंड मेला प्राधिकरण, प्रशासन और पर्यटन निगम सहित अन्य विभागों के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। उधर पुलिस ने बुलंदशहर के खतौली और मेरठ पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी, जिससे पता चल सके कि झूलों को अनुमति देने वाले संबंधित विभागों ने नियमों और शर्तों का पालन किया या नहीं। कमेटी ने सभी विभागों से रिकॉर्ड तलब किया है। सात फरवरी की शाम मेला परिसर के मनोरंजन पार्क में एक झूला टूट गया था। इस हादसे में ड्यूटी पर तैनात पलवल पुलिस के इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि करीब 13 लोग घायल हो गए थे, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है और सरकार की ओर से पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया गया है। -- पुलिस की टीमें यूपी के कई जिलों में पहुंची हादसे की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने बुलंदशहर के खतौली और मेरठ पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# बिजली संशोधन बिल के खिलाफ देशभर के 27 लाख बिजली कर्मियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की जन एवं कर्मचारी व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल के लिए राज्य कर्मचारी व मजदूर तैयार है। उन्होंने दावा किया कि हड़ताल को राज्य में भारी सफलता मिलेगी। क्योंकि सरकार हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद ठेका कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रही है और ना ही पुरानी पेंशन बहाली, अलग से वेतन आयोग का गठन और पांच हजार रुपए अंतरिम राहत देने, 18 महीने के बकाया डीए डीआर का भुगतान करने जैसी मांगों की अनदेखी कर रही है।

संघ हरियाणा की 6 टीमों और विभागीय संगठनों की सैकड़ों टीमों ने 2 से 10 फरवरी तक राज्य में कर्मचारियों से सीधा संपर्क करने के लिए व्यापक अभियान चलाया है। इसलिए कर्मचारी 12 फरवरी की हड़ताल के लिए पूरी तरह तैयार है और लाखों की तादाद में भाग लेंगे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल** निवासी झुग्गी नं. टी–हटस्–114, कर्मपुरा, दिल्ली ने सी. केस सं. 37/2019 धारा 341/323/509/354/379/34 भा.द.स., थाना मोती नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी. केस सं. 37/2019 धारा 341/323/509/354/379/34 भा.द.स., थाना मोती नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विशाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 13.03.2026 को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री दीपिका गोयल शौकीन,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, (पश्चिम),
महिला कोर्ट नं. 3, कमरा नं. 245,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1740/WD/2026



**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन : L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालयः 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
टेलीफोनः +91–11–42504842
ई–मेलः sbecsystems@rediffmail.com, वेबसाइटः www.sbecsystems.in

**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (पृथकृत और समेकित)**

(रुपये लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथकृत | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | नौ महीने समाप्त | तिमाही समाप्त | | नौ महीने समाप्त |
| | | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 80.22 | 127.80 | 288.70 | 80.22 | 127.80 | 288.70 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण आइटम) | (28.85) | 64.49 | (26.16) | (28.85) | 64.49 | (26.16) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले ( अपवाद और/या असाधारण आइटम और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | (28.85) | 64.49 | (26.16) | (28.85) | 64.49 | (26.16) |
| 4 | शुद्ध कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) ( अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद) | (28.85) | 56.16 | (26.16) | (28.85) | 56.16 | (26.16) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (28.85) | 56.16 | (26.16) | (28.85) | 56.16 | (26.16) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर रिजर्व पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिजर्व | – | – | – | – | – | – |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | क. मूल | (0.29) | 0.56 | (0.26) | (0.29) | 0.56 | (0.26) |
| | ख. तनुकृत | (0.29) | 0.56 | (0.26) | (0.29) | 0.56 | (0.26) |

**टिप्पणियाँ:**
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा इसकी संस्तुति की गई है तथा 10 फरवरी, 2026 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएनः 00004606

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 10.02.2026



**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
रजि. कार्यालयः ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिलाः बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
सीआईएनः L15421UP1991PLC019160
दूरभाषः 01234–259206 फैक्सः91–1234–259200
ई–मेलः investors@sbecsugar.com, वेबसाइटः www.sbecsugar.com

**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों (पृथकृत और समेकित) का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथकृत | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | नौ महीने समाप्त | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | नौ महीने समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 11571.04 | 13989.70 | 38186.24 | 62157.73 | 12442.84 | 14315.12 | 39128.65 | 63100.79 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण मदें) | (2059.26) | (2143.22) | (6951.33) | (1178.61) | (1729.83) | (2231.03) | (7192.98) | (1860.77) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | (2059.26) | (2143.22) | (6951.33) | (1178.61) | (1729.83) | (2231.03) | (7192.98) | (1860.77) |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद) | (2059.26) | (2143.22) | (6951.33) | (1178.61) | (1729.83) | (2231.03) | (7192.98) | (1860.77) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें कर के बाद अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं] | (2068.04) | (2145.26) | (6977.68) | (1213.74) | (1738.51) | (2233.15) | (7219.01) | (1895.47) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | – | – | – | – | – | – | – | |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | | | |
| | क. मूल | (4.32) | (4.50) | (14.59) | (2.47) | (3.63) | (4.68) | (15.09) | (3.90) |
| | ख. तनुकृत | (4.32) | (4.50) | (14.59) | (2.47) | (3.63) | (4.68) | (15.09) | (3.90) |

**टिप्पणियाँ:**
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और नौ महीने वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा संस्तुति की गई है तथा 10 फरवरी, 2026 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं सभापति
डीआइएनः 00002757

स्थानः लंडन
दिनांकः 10.02.2026

# समाजवादी पार्टी-बहुजन समाज पार्टी ही नहीं किसी भी पार्टी के बीएलए नहीं जोड़वा पाए एक भी वोट

## रिपोर्ट में खुलासा, दलों ने किए थे 12 हजार से अधिक बीएलए तैनात

*समाजवादी पार्टी, बसपा और कांग्रेस ही नहीं किसी भी पार्टी के बीएलए एक भी वोट नहीं जोड़वा पाए। लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने एसआईआर का बुलेटिन जारी किया।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सपा-बसपा और कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों ने एसआईआर में मतदाताओं को जोड़ने, गलत नाम कटवाने के दावे तो बहुत किए। हकीकत के धरातल पर एक भी पार्टी अपना खाता नहीं खोल पाई। लखनऊ जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने एसआईआर का बुलेटिन जारी किया। इसके अनुसार राजनीतिक दलों ने 12 हजार 122 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) तैनात किए हैं। इनमें से किसी ने कोई नाम नहीं जुड़वाया।

### 12 हजार एजेंटों ने अब तक 'शून्य' फॉर्म जमा किए

एसआईआर, यानी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में घर-घर सर्वेक्षण का कार्य 6 जनवरी से शुरू हुआ था और 8 फरवरी तक इसे 33 दिन बीत चुके हैं। निर्वाचन आयोग की नियमावली के अनुसार, बीएलए का काम घर-घर जाकर फॉर्म-6 (नाम जोड़ना) और फॉर्म-7 (नाम काटना) एकत्र कर बीएलओ को सौंपना है। जिले की 27.94 लाख मतदाताओं वाली सूची के सापेक्ष इन 12 हजार एजेंटों ने अब तक 'शून्य' फॉर्म जमा किए हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे ज्यादा 3,542 बीएलए भारतीय जनता पार्टी ने तैनात किए हैं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी 3,450 एजेंटों के साथ दूसरे



### अधिकारियों की चेतावनी: घोषणा पत्र बिना नहीं जुड़ेंगे नाम

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट दिए कि घोषणा पत्र बिना नाम नहीं जुड़ेंगे। कहा कि राजनीतिक दलों के बीएलए द्वारा लाए गए फॉर्म तभी स्वीकार्य होंगे जब वे निर्धारित घोषणा पत्र के साथ होंगे।

### दावे और आपत्तियों का समय भी है बढ़ा

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची पर दावें और आपत्तियां अब 6 मार्च तक की जा सकेंगी। चुनाव आयोग ने दावे और आपत्तियों का समय बढ़ा दिया है। वहीं नोटिस पर सुनवाई 27 मार्च तक की जाएगी। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बीते शुक्रवार को बताया था कि अब अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद मतदाताओं से दावे और आपत्तियां ली जा रही है। इसके नाम जोड़ने का काम भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पूर्णिया में पनोरमा के दफ्तरों पर आयकर छापा

**पूर्णिया।** बिहार में पनोरमा ग्रुप के यहां आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया।



पूर्णिया में सुबह करीब 6 बजे आयकर विभाग की टीम ने पनोरमा ग्रुप के दफ्तरों पर रेड मारी। दिन भर छापेमारी चलती रही। हालांकि इस दौरान कोई कुछ बताने को तैयार नहीं थे। छापेमारी के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति को दफ्तरों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

## पेज एक का शेष

### वायुसेना को फ्रांस ...

बनाई अवस्था में फ्रांस से मिलेंगे। जबकि बाकी बचे हुए 96 विमान भारत में मेक इन इंडिया के तहत बनाए जाएंगे। जिनमें 50 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री शामिल की जाएगी।

### बिरला के खिलाफ ...

हमला करते हुए उन्होंने कथित तौर पर दीपम मामले में तमिलनाडु के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना बनाने के लिए पार्टी की निंदा की। पात्रा ने आरोप लगाया कि इसी कांग्रेस पार्टी ने दीपम मामले में तमिलनाडु के एक न्यायाधीश के खिलाफ फैसला सुनाया था। वे उनके खिलाफ महाभियोग भी ला रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कल इसे बरकरार रखा है। पात्रा ने कहा कि जिन लोगों की सोच में ही महाभियोग लग चुका है। वही भारत के संवैधानिक पदों को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी, अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के इशारे पर, भाजपा के सत्ता में आने के बाद संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। पात्रा ने आगे कहा कि पूरा देश देख रहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का लोकसभा में व्यवहार कैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी के इशारे पर विपक्ष ने प्रधानमंत्री के आसन को घेरने का प्रयास किया, ताकि उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके।

### विपक्ष ने सौंपा ...

उल्लेख किया गया है। मोटा-मोटी नोटिस का सार समझें तो विपक्ष इसमें ये दावा कर रहा है कि सदन में लोकसभा अध्यक्ष का रवैया उनके खिलाफ पक्षपातपूर्ण रहा है और वो कहीं न कहीं सरकार के दबाव में विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि नोटिस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने सदन के महासचिव को इसकी जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने कहा कि नोटिस की जांच की जाएगी और उसके बाद नियमों के तहत कार्रवाई आगे बढ़ेगी। साथ ही बिरला ने लोकसभा में नहीं जाने का फैसला लिया है। वहीं, जानकारों की माने तो लोकसभा में क्योंकि सरकार के पास बहुमत है। इसलिए कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए इस अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने की कोई संभावना नहीं है। विपक्ष के हाथ खाली ही रह जाएंगे।

**पहले अध्यक्ष को पत्र दो, फिर नोटिसः बनर्जी:** टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में अपनी पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि मामले पर विपक्ष के मौजूदा रुख से टीएमसी पूरी तरह से सहमत है। लेकिन हमारी कांग्रेस को राय यह थी कि सबसे पहले विपक्षी सांसदों को अपने विरोध की चार मांगों पर लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपना चाहिए। फिर उन्हें उस पर कार्रवाई करने के लिए कम से कम दो से तीन दिन का समय देना चाहिए। अगर वो इस दौरान कोई कार्रवाई नहीं करते हैं तो फिर आगामी गुरुवार तक टीएमसी ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर करेगी। लेकिन लगता है कि कांग्रेस इसे लेकर कुछ ज्यादा ही जल्दी में थी।

**नोटिस का सार :** नोटिस में विपक्षी सांसदों ने कहा है कि हमने संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का एक प्रस्ताव लाने के लिए यह नोटिस सौंपा है। जिसके पीछे की सबसे बड़ी वजह ओम बिरला द्वारा सदन में विपक्ष के खिलाफ पक्षपातपूर्ण रवैये को अपनाना रहा है। वह मुख्य रूप से विपक्षी नेताओं जैसे नेता प्रतिपक्ष को सदन में अपनी बात रखने का अवसर नहीं देते हैं। जबकि यह संसद में अभिव्यक्ति का उनका मूल लोकतांत्रिक अधिकार है। इसके अलावा विपक्ष ने नोटिस में ये दावा भी किया है कि बीते 2 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान राहुल गांधी को अपना भाषण पूरा नहीं करने दिया गया। सदन में ऐसा सिर्फ एक बार नहीं बल्कि कई बार हुआ है। जिसमें नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर नहीं दिया गया है। ठीक इसी तर्ज पर लोकसभा अध्यक्ष ने अपने पक्षपातपूर्ण रवैये के जरिए 3 फरवरी को कांग्रेस के 8 सांसदों को बजट सत्र की बाकी बची हुई कार्रवाई से निलंबित कर दिया था।

**अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया :** लोकसभा अध्यक्ष को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) और सदन की नियम-प्रक्रिया से जुड़े अनुच्छेद 200 के तहत शुरू या दूसरे शब्दों में कहें तो नियंत्रित की जाती है। वहीं, संविधान का अनुच्छेद 96 अध्यक्ष को सदन में अपनी बात रखने यानी नोटिस में लगाए गए तमाम आरोपों का खंडन करने का अधिकार प्रदान करता है। प्रस्ताव को कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन मिलना चाहिए। वरना वह गिर जाएगा। प्रस्ताव को सदन में पेश करने के लिए उसे सौंपने के दिन के 14 दिन बाद का कोई दिन तय किया जाएगा। प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने को लेकर कुछ शर्तों का पालन करना जरूरी है। जिसमें नोटिस की भाषा साफ-सुथरी होनी चाहिए, इसमें आरोप-अनुमान, व्यंगात्मक बातें या कोई मानहानिकारक जानकारी नहीं होनी चाहिए, लोकसभा के उप नियम (1) के तहत नोटिस मिलने के बाद प्रस्ताव को सदन में पेश करने की अनुमति के लिए एक प्रस्ताव संबंधित सदस्य के नाम पर कामकाज की सूची में शामिल किया जाएगा। प्रस्ताव स्वीकार होने के दस दिनों के अंदर उस पर सदन में चर्चा और मतदान हो जाता है। लेकिन जब तक लोकसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को पद से हटाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। तब तक वह सदन की अध्यक्षता का दायित्व नहीं संभाल सकते हैं।

**सदन में बहुमत का विशेष महत्व :** लोकसभा के पूर्व महासचिव पी.डी.टी आचार्य ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने वाले नोटिस पर कम से कम सदन के दो सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए। इसके बाद ये आंकड़ा आगे कुछ भी हो सकता है। लेकिन दो की संख्या अनिवार्य है। अनुच्छेद 94 (सी) के तहत अगर ये प्रस्ताव सदन में बहुमत के साथ पास हो जाए तो अध्यक्ष को उनके पद से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुमत का आकलन सदन के सभी सदस्यों की गिनती के साथ होगा। भले ही वो मतदान के समय पर लोकसभा में मौजूद न रहे हों। ये इसकी सामान्य प्रक्रिया है। मूल रूप से रिक्तियों को छोड़कर सदन के सभी सदस्य बहुमत के जोड़ का भाग माने जाएंगे। इस बाबत नोटिस लोकसभा महासचिव के अलावा किसी अन्य (डिप्टी स्पीकर या अन्य कोई) को सौंपा नहीं जा सकता है।

### टीएमसी ने बनाई ...

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा ने हस्ताक्षर किए हैं। यहां बताते चलें कि ये पहला मौका नहीं है, जब विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने की कोशिश की है। पूर्व में भी वह ऐसी कुछ कोशिशें कर चुके हैं। जो कि सफल नहीं रही हैं।

### राहुल गांधी बोले-...

पूर्व सेना प्रमुख की बात पर भरोसा करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इस किताब में कुछ ऐसी बातें लिखी गई हैं जो केंद्र सरकार और पीएम मोदी के लिए असुविधाजनक हैं। उन्होंने आगे कहा कि अब लोगों को तय करना होगा कि पेंगुइन सच कह रहा है या पूर्व सेना प्रमुख।वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने एक पोस्टर दिखाते हुए भारत और अमेरिका के बीच हुई हालिया ट्रेड डील पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया है, इसी कारण यह समझौता हुआ है। इस दौरान उन्होंने एपस्टीन फाइल्स का भी जिक्र किया।

### दो बार के स्थगन...

ध्यान नहीं दिया है और किसानों, छोटे व मध्यम उद्योगों के हितों को तरजीह नहीं दी गई है। मिसाल के लिए इस बजट को देखकर यह लगता है कि इसके जरिए सरकार ने कार में एयरबैग को रीअरेंज करने का काम किया है। जिससे उसमें बैठे यात्रियों की सुरक्षा की जा सके।

**किसानों की आय नहीं हुई दोगुनी :** थरूर ने कहा कि केंद्र ने ये वादा किया था कि वह किसानों की आय दोगुनी कर देगा। लेकिन अब तक उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाताओं की आय तो दोगुनी नहीं हुई है। कम से कम सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि में तो बढ़ोतरी कर दे। जो बीते काफी वक्त से महज 6 हजार रुपए पर अटकी हुई है। विपक्षी सांसद ने सरकार पर बजट में किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बिना किसी प्रतिबद्धता के केवल वादे करती है। शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषयों पर भी कोई महत्वपूर्ण कदम बजट में नहीं उठाए गए हैं।

**अमेरिका ने लगाया 18% टैरिफ, हमने शून्य क्यों किया ? :** कांग्रेस सांसद ने भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इसमें पारस्परिक टैरिफ का मुद्दा शीर्ष पर रहा है। भारत ने अमेरिका के साथ हुए समझौते में वहां से हमारे देश में आने वाले सभी सामान पर पारस्परिक टैरिफ शून्य कर दिया है। जबकि अमेरिका ने भारतीय सामान पर 18 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये कैसी पारस्परिकता? उन्होंने वर्ष 2047 के सरकार के भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य की प्रशंसा तो की। लेकिन उसकी प्राप्ति की दिशा में मौजूदा बजट में कोई ठोस कदम न उठाए जाने को लेकर अपनी नाराजगी भी जताई। साथ ही कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को महज भाषणों, नारों या प्रतीकों के जरिए हासिल नहीं किया जा सकता है। इसके लिए सरकार को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना पड़ेगा।

**सदन में नहीं आए बिरला :** 10 फरवरी को लोकसभा अध्यक्ष सदन में नहीं आए। उनके स्थान पर सुबह 11 बजे पीठासीन सभापति पी.सी. मोहन ने सदन की कार्रवाई की शुरुआत की। जिसमें सबसे पहले उन्होंने प्रश्नकाल की शुरुआत करते हुए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के विषय में सूची में शामिल पहले प्रश्न के लिए सांसद इकरा चौधरी का नाम पुकारा, उन्होंने सवाल पूछा। लेकिन जवाब देने के लिए जैसे ही मामलों के राज्य मंत्री एस.पी.सिंह बघेल खड़े हुए। तभी विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस के सांसदों ने अध्यक्ष के आसन के सामने खड़े हो कर नारेबाजी के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसमें वह एलओपी को बोलने दो, वी वांट जस्टिस, मोदी सरकार हाय-हाय, मोदी सरकार डाउन-डाउन, मोदी सरकार शेम-शेम जैसे नारे लगा रहे थे। पीठासीन सभापति ने हंगामा बंद कर विपक्षी सांसदों से अपनी सीटों पर जाने का अनुरोध किया। जिसे उन्होंने अनसुना कर दिया। बाद में पी.सी.मोहन ने कार्रवाई को 11 बजकर 2 मिनट पर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**कांग्रेस संसद नहीं चलने दे रहीः रिजिजू:** 12 बजे जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू हुई। विपक्ष अपने पुराने तेवरों के साथ हंगामा और शोर शराबा करने लगा। जिस पर उन्हें टोकते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि यह बजट का समय है। लेकिन कांग्रेस अपने हंगामे की वजह से संसद नहीं चलने दे रही है। जिससे सभी का नुकसान हो रहा है। पीठासीन सभापति ने शशि थरूर का नाम पुकारा है। उनके अलावा विपक्ष के कई अन्य वक्ता भी हैं। जो बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं। सदन में बजट पर चर्चा शुरू होनी चाहिए। सभापति पी.सी.मोहन ने भी विपक्षी सांसदों से बजट पर चर्चा शुरू कराने की अपील की। इस बीच सदन में हंगामा चलता रहा और उसके बाद सभापति ने कार्रवाई को 12 बजकर 7 मिनट से लेकर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### केवल हेडलाइन ...

की गई हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की रफ्तार बेहद सुस्त है। इस स्थिति को प्रशासन नहीं हेडलाइन मैनेजमेंट कहते हैं।

### संगठन सृजन ...

है। अगले चरण में 6 और राज्यों के 218 जिलों में यह प्रक्रिया जारी है। उन्होंने जानकारी दी कि इस व्यापक संगठनात्मक अभ्यास में 284 एआईसीसी पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका रही है। इनमें कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, सांसद और विधायक शामिल हैं। ये पर्यवेक्षक अब तक कुल 2,604 दिन मैदानी स्तर पर बिताकर संगठन को पादर्शिता, प्रतिबद्धता और मजबूती प्रदान कर चुके हैं। डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद प्रशिक्षण प्रक्रिया को भी तेजी से आगे बढ़ाया गया है। अब तक 4 राज्यों के 172 डीसीसी के लिए 10-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। आगामी चरण का प्रशिक्षण 21 फरवरी से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास कांग्रेस पार्टी के मजबूत, अनुशासित और सक्रिय संगठन के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी पूरी ऊर्जा और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ेगी।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ...

जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार के साथ समन्वय बढ़ाकर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुलाकात के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू तथा ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी भी उपस्थित रहे। चौहान ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में आंध्र प्रदेश की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आंध्र प्रदेश ने सबसे पहले 'विकसित भारत जी राम जी योजना में बजट आवंटित किया, जो एक दूरदर्शी और सकारात्मक पहल है तथा कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति उसकी गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्रीय बजट में नारियल संवर्धन योजना को विशेष प्राथमिकता दी गई है, साथ ही कोको, काजू एवं अन्य बागवानी फसलों के समग्र विकास के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय, आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर इन क्षेत्रों में उत्पादन, प्रसंस्करण, निर्यात संवर्धन और किसानों की आय वृद्धि के लिए व्यापक रणनीति तैयार करेगा। इसके लिए मंत्रालय की विशेषज्ञ टीम राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना और रोडमैप तैयार करेगी, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचे।

### कैलाश मानसरोवर ...

जुड़े समझौते को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वीजा सुविधाओं को लेकर लगातार व्यावहारिक कदम उठाने और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने को लेकर भी दोनों ने सहमति प्रदान की है।

### ब्रिक्स सम्मेलन ...

ही उन्होंने ये भी कहा कि चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की सदस्यता को लेकर भारत की आकांक्षाओं को समझने के साथ ही उनका सम्मान करता है।

### स्कूल में दवा खाते ही 100 से अधिक बच्चे बीमार

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव राठौर मोहिद्दीनपुर के एक स्कूल में मंगलवार दवा खाने के बाद कुछ ही देर में 100 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। उल्टी-दस्त पेट में दर्द की शिकायत के बाद पहुंचे परिजनों ने इसकी शिकायत शिक्षकों से की। मौके पर जिले भर की एंबुलेंस बुला ली गईं। बच्चों को कमालगंज सीएचसी भेजा जा रहा है। कई परिजन अपने बच्चों को निजी अस्पताल लेकर चले गए हैं। गांव में अफरा तफरी का माहौल है।

### भाई-बहन ने विषाक्त का सेवन कर की आत्महत्या

**वाराणसी।** सिगरा थाना क्षेत्र के परेड कोठी के पास होटल में महिला समेत दो लोगों ने विषाक्त का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मौके पर हड़कंप मच गया। दोनों आठ फरवरी को काशी आए थे। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन कर रही है। एसीपी चेतगंज, प्रभारी निरीक्षक सिगरा और रोडवेज चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे।

### लेखपाल अरुण कुमार पांच हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एंटी करप्शन की टीम ने चंदबदी विभाग में तैनात भटपुरवा क्षेत्र के लेखपाल जौनपुर के थाना खुटहन स्थित तिलकिहा हरिहरापुर गांव के रहने वाले अरूण कुमार को देहात कोतवाली के भरूहना चौराहे से मंगलवार की शाम छह बजे पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लेखपाल का हाथ धुलवाया गया तो उसके हाथ में केमिकल युक्त कलर लग गया। उसे गिरफ्तार करते हुए देहात कोतवाली ले जाया गया। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि ड्रमंडगंज भटपुरवा गांव के रहने वाले अनिल कुमार ने थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि इन दिनों लालगंज तहसील क्षेत्र के हलिया व ड्रडंडगंज में चकबंदी का काम चल रहा है। जिसमें अपना नामांतरण कराने के लिए आवेदन किया था।

## पथ निर्माण में बड़े काम का ऐलान

# बिहार में गांव-गांव बनेगी टू-लेन सड़कः जायसवाल

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में आने वाले समय में सिंगल लेन सड़कें नहीं बचेंगी। राज्य सरकार शहर से लेकर गांवों तक सभी सिंगल लेन रोड को टू लेन में अपग्रेड करने जा रही है। नीतीश सरकार में पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को विधानसभा में यह घोषणा की। उन्होंने पशुपति नाथ (नेपाल) से बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर, झारखंड) तक हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने का भी ऐलान किया। इसके तहत बिहार में लगभग 250 किलोमीटर लंबा फोरलेन हाइवे बनाया जाएगा। साथ ही, पश्चिम चंपारण से भोजपुर जिले तक नारायणी गंगा ग्रीनफील्ड हाइवे का भी निर्माण होगा, जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार की कनेक्टिविटी सुलभ होगी।

**2000 किमी का चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर :** मंत्री ने बिहार में 3000 किलोमीटर लंबे नए अलग-अलग स्टेट हाइवे बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभागीय कार्यवाही जारी है। जायसवाल ने कहा कि पथ निर्माण विभाग के तहत वर्तमान में 16784 किलोमीटर जिला पथ है, जिसमें 5343 किलोमीटर सिंगल लेन हैं।

### बजट पर जवाब में घोषणाएं कीं

विधानसभा में मंत्री दिलीप जायसवाल ने पथ निर्माण विभाग के बजट पर जवाब में ये घोषणाएं कीं। उन्होंने सदन को बताया कि बिहार की सभी सिंगल लेन सड़कों को चरणबद्ध तरीके से टू लेन किया जाएगा। इसके लिए स्टेट हाइवे से लेकर वृहद जिला पथ एवं ग्रामीण सड़कों को भी दो लेन किए जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक से दूसरे स्थान तक आने-जाने में लोगों को कोई दुविधा न हो, इस दिशा में सरकार काम कर रही है। बिहार में नेशनल हाइवे का घनत्व राष्ट्रीय औसत से कम है। राज्य के सभी स्टेट हाइवे को कम से कम टू लेन बनाया जाएगा। राज्य में कुल 3617 किलोमीटर स्टेट हाइवे में से करीब 3100 किमी सड़कें टू लेन या फोर लेन में अपग्रेड की जा चुकी हैं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष कुमार उर्फ किशलय ठाकुर, पुत्रः** महेश कुमार **निवासीः** फ्लैट नं. 402, शरवनी एन्क्लेव, सम्पत्चक, अवध ग्रीन गार्डन के पास, पटना, बिहार–800007; एवं फ्लैट नं. 4–5, सी–1 ब्लॉक, संजय एन्क्लेव, उत्तम नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 47/2018 U/s 420/471/120B IPC, थानाः द्वारका नॉर्थ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष कुमार उर्फ किशलय ठाकुर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष कुमार उर्फ किशलय ठाकुर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 47/2018 U/s 420/471/120B IPC, थानाः द्वारका नॉर्थ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशीष कुमार उर्फ किशलय ठाकुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री राहुल कटारे**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–6**
**कमरा नं. 514, द्वारका कोर्ट, दिल्ली**

DP/1806/DW/2026
(Court Matter)



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 25 दिनांक 04.02.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान

नाम - नेहा।
पिता का नाम शमशेर।
पता - वासी वार्ड न0.4 शिव नगर गोहाना जिला सोनीपत।
उम्र-21 वर्ष
कद-5 फुट।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, गोल नाक, पतला शरीर हैं।
पहनावा - सफेद रंग का सूट-सलवार, पैरों में हरे रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 03.02.2026 को नेहा पुत्री शमशेर वासी वार्ड न0.4 शिव नगर गोहाना जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चली गयी है। अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना 7419410544
अनुसंधानकर्ता मो0 न०. - 9050767000
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4456/2026/42887/88/7 दि. 10.02.2026



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | नगर पालिका कलायत | वार्ड नं. 11, एम.सी. कलायत में सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना। | 04.02.2026 13.02.2026 | अनु. लागत रु. 211.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896264705 secretarymckalayat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/42911/1/88/7 दि. 10.02.26



## एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड

CIN No. L72100DL1993PLC179154

**पंजी. कार्यालय** : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305

31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों ( Ind-AS ) के अनुपालन में तैयार किये गये

(रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिस. 2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित |
| --- | --- | --- | --- |
| **समेकित फाइनेंशियल्स :** | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 1,485.81 | 3,654.04 | 3,656.51 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (197.21) | 373.05 | (1,204.53) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (197.21) | 373.05 | (1,204.53) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,202.20 | (25,180.50) | 8,250.19 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.012) | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.012) | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.012) | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.012) | (0.070) | (0.070) |

**स्टैंडअलोन फाइनेंशियल्स :**

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिस. 2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित |
| --- | --- | --- | --- |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 766.75 | 3,267.51 | 3,619.08 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (240.52) | 273.93 | (1,392.65) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (240.52) | 273.93 | (1,392.65) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.014) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.014) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.014) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.014) | (0.080) | (0.080) |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नोएडा
दिनांक : 09 फरवरी 2026

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला




# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री


**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह




**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

# बालाघाट के जवानों के आत्मबल ने नक्सल समस्या को खत्म करके दिखाया: डॉ. यादव

### बालाघाट की अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को बालाघाट पहुंचे। यहां पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का रिमोट से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने 'वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल संस्मरण पुस्तक का विमोचन किया।

**सीएम ने रिमोट से किया 31 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का लोकार्पण**



बालाघाट में उद्बोधन देते सीएम।

### बेहद दुखद थी कावरे की हत्या

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में पूर्व में तत्कालीन सरकार के मंत्री लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है।*

### इन जवानों को मिली पदोन्नति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति पाने वाले जवानों में उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेंद्र धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेन्द्र सिंह पटेल और वीर सिंह को पदोन्नत किया गया। शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छट्ठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे को भी आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

---

## हरियाणा सरकार लाएगी पॉलिसी, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य होगा

# अब मेलों में नहीं जाएगी लोगों की जान, झूलों की रोजाना होगी जांच

### सूरजकुंड मेला हादसे के बाद नायब सरकार अलर्ट ▶▶ एसओपी की जाएगी तैयार

**सुरक्षा नियमों का करना होगा पालन, इंश्योरेंस पॉलिसी भी बनेगी**

**योजना का उद्देश्य झूलों और मनोरंजन साधनों को पूरी तरह सुरक्षित बनाना**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में हुए झूला हादसे के बाद हरियाणा सरकार अलर्ट हो गई है। सरकार अब इन मेलों और एडवेंचर झूलों को लेकर एक फेयर पॉलिसी लेकर आएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा कर दी है। इस तरह की पॉलिसी बनाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा। इस पॉलिसी के तहत, कई दिनों तक चलने वाले बड़े आयोजनों में राइड और इसी तरह के सेटअप का दैनिक निरीक्षण अनिवार्य किया जाएगा। ऐसे जोन स्थापित करने के लिए विक्रेताओं और संबंधित विभागों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार की जाएगी। बता दें कि, 7 फरवरी की शाम को 6 बजे सूरजकुंड मेला में सुनामी झूला टूटकर गिर गया था।

### अभी निश्चित प्रोटोकाल नहीं

हरियाणा में अभी मेलों में लगने वाले एडवेंचर राइड्स के लिए कोई निश्चत प्रोटोकाल नहीं बना हुआ है। आयोजक अपने स्तर पर ही इसके लिए प्रोटोकाल सेट करते हैं और उसी पर ही राइड संचालक काम करते हैं। राइड्स के आयोजन से पहले निरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। अधिकतर मामलों में, संबंधित विभाग के अधिकारी विक्रेता की पिछली रेटिंग या सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के पालन के संबंध में दिए गए हलफनामे पर भरोसा करते हैं।

### ऐसी होगी एसओपी

**सेफ्टी एंड ट्रेनिंग:** सभी गतिविधियां अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित पेशेवरों की निगरानी में की जाएंगी, इसके अलावा सिक्योरिटी एक्यूपमेंट का प्रयोग जरूरी होगा।

**एडवेंचर स्पोर्ट्स इंश्योरेंस:** संचालक को चोट लगने या गंभीर हादसे (मृत्यु-विकलांगता) की स्थिति में बीमा योजना देनी होगी।

**टर्म एंड कंडीशन:** प्रतिभागियों को संचालक द्वारा निर्धारित नियम और सुरक्षा नियमों का पालन करना होता है।



### परमिशन का अभी ये प्रावधान

हरियाणा में मेलों के आयोजन की परमिशन मुख्य रूप से जिला प्रशासन, विशेषकर संबंधित जिले के उपायुक्त या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दी जाती है। पशु मेलों के लिए पशुपालन विभाग और सांस्कृतिक बड़े मेलों के लिए पर्यटन विभाग की भूमिका होती है। लोकल लेवल पर, उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) या पुलिस प्रशासन की अनुमति आवश्यक होती है। बड़े मेले, जैसे सूरजकुंड मेला के लिए सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और उपायुक्त संयुक्त रूप से परमिशन देते हैं।

## लाडो लक्ष्मी की चौथी किस्त जारी 922452 खातों में 193 करोड़ आए

- मुख्यमंत्री बोले-किसी की पेंशन नहीं कट रही
- अब तक चार किस्तों में 634

चंडीगढ़। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जारी की। सीएम सैनी ने कहा कि योजना के तहत 9 लाख 22 हजार 452 लाभार्थी बहनों के खातों में 193 करोड की राशि डाली गई है। अब तक चार किस्तों में 634 करोड़ रुपये की राशि सरकार जारी कर चुकी है। सीएम ने बताया कि किसी की पेंशन नहीं कट रही। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी जारी की गई है। इन योजनाओं के तहत 34 लाख 14 हजार लाभार्थियों को 1 हजार 98 करोड़ रुपये की राशि की जारी की गई है। सीएम ने बताया कि हर घर हर ग्रहणी योजना के तहत 12 लाख 62 हजार बहनों के बैंक खातों में नवंबर और दिसंबर माह की सब्सिडी डाली गई है। गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली बहनों के बैंक खातों में 38 करोड़ 97 लाख रुपये की सब्सिडी डाली गई है।

---

### पंजीयन के वक्त आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य

# पांच एकड़ से अधिक जमीन पर मोहन सरकार कराएगी सत्यापन

### फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकॉर्ड रखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों को पंजीयन तभी मिलेगा, जब उनके भू-अभिलेख में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। पंजीयन के दौरान आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। आधार सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से किया जाएगा।

इसके साथ ही यदि किसी किसान ने पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक रकबे से गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है या उसके पास पांच एकड़ से अधिक भूमि है, तो सरकार द्वारा उसका अतिरिक्त सत्यापन भी कराया जाएगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने किसानों का पंजीयन शुरू कर दिया है। किसानों को लाइन में लगने से राहत देने के लिए इस बार ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



फाइल फोटो।

### इन दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य

किसानों के पंजीयन के दौरान भूमिधर, सिकमी, बटाईदार, अनुबंध, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकॉर्ड रखा जाएगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों और सहकारी विपणन संघों के माध्यम से होगा। इन किसानों का 100 प्रतिशत सत्यापन वन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

### मुफ्त और सशुल्क दोनों विकल्प

**मुफ्त पंजीयन:** ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्र, सहकारी समितियां एवं सहकारी विपणन संस्थाएं

**सशुल्क पंजीयन (50 रुपए):** एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर (केसीसी), लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे।

### बैंक खाते को लेकर सख्ती

पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड देना अनिवार्य होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त खाते तथा फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक के खाते मान्य नहीं होंगे। आधार से लिंक बैंक खाते का सत्यापन 1 रुपए के ट्रांजेक्शन के जरिए ई-उपार्जन पोर्टल व जेआईटी पोर्टल से किया जाएगा।

---

### खूंखार नक्सली कमांडर चलपती के साथ रहे चार सरेंडर नक्सलियों ने भी रचाई शादी

**मुख्यमंत्री साय ने सभी को नवदांपत्य जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं**

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 6 हजार 414 जोड़ों का विवाह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के तहत मंगलवार को 6 हजार 414 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। छह हजार से ज्यादा जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थामा। सभी ने नवदांपत्य जीवन में प्रवेश किया। 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के तहत प्रदेश में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। सभी जोड़ों ने अपने नए जीवन की शुरुआत कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस विवाह की सबसे बड़ी खासियत ये रही कि इसमें खूंखार नक्सली कमांडर चलपती के साथ रहे चार सरेंडर नक्सलियों ने भी शादी रचाई। प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में सभी जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। सीएम साय ने सभी को नवदांपत्य जीवन की बधाई और शुभकामनाएं दी। उनके उज्जल भविष्य की कामना की।

### प्रदेश के कई जिलों में हुआ आयोजन

बता दें कि यह आयोजन प्रदेश में कई जिलों में हुआ। इन जिलों में रायपुर, कवर्धा, जगदलपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव आदि जिले शामिल हैं। कुल मिलाकर सामूहिक विवाह का आंकड़ा 6 हजार 414 है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर नव विवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना गरीब माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ा सहारा है। उन्होंने पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया कि पूर्व में निर्धन परिवारों को बेटियों के सम्मानजनक विवाह के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रखनी पड़ती थी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ने 2005 में इस जिम्मेदारी को उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2005 में मात्र 5 हजार रुपये की सहायता राशि से शुरू हुई यह योजना आज 50 हजार रुपये तक पहुँच चुकी है, जो गरीब परिवारों के सशक्तिकरण का प्रतीक है।

---

### शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में होगी समीक्षा

# सहकारिता में नवाचार-उपलब्धियों का प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र सहकारिता विभाग में किए गए नवाचार एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से चाही गई बिन्दुवार जानकारी तैयार की जाए। जानकारी पूर्णतः अद्यतन हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

मंत्री सारंग सोमवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 17 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले प्रस्तावित सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई थी। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रजेंटेशन में सहकारिता विभाग की विशेषताएं एवं उपलब्धियों सहित सीपीपीपी मॉडल, चीता बीज और नवाचारों का भी समावेश किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किए गए सर्वोत्तम कार्यों की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में सर्कुलेरिटी एवं सस्टेनेबिलिटी का भी समावेश किया जाए। सहकारिता में सहकार अभियान के तहत दुग्ध, मत्स्य सहित अन्य सहकारी संस्थाओं तथा उनके सदस्यों के खातों की संख्या दर्शाई जाए। प्रचार-प्रसार की दृष्टि से किए गए प्रयासों को भी बताएं। प्रजेंटेशन को अद्यतन जानकारी के साथ आकर्षक बनाया जाये और कम्पाइल प्रजेंटेशन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें।

मंत्री सारंग ने कहा कि पेक्स का बहुउद्देश्यीकरण, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजनाएं एवं सहकारिता क्षेत्र को लाभ, वित्तीय सहायता आदि का समावेश किया जाए।

---

### मंत्री बोलीं-नारी सशक्तिकरण से ही बदलेगा समाज

# मंत्री आरती राव व पद्मश्री बिमल कुमार को नवाजा डी लिट की मानद उपाधि से



**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, महिला अधिकारों की अग्रणी प्रहरी और 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान का व्यापक विस्तार करने वाली हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि देश का, समाज का कायाकल्प नारी सशक्तिकरण से ही संभव होगा। आठ साल की बच्ची से लेकर 80 साल के बुजुर्ग को खुश रखना, संरक्षण देना हर व्यक्ति का प्राथमिक दायित्व है। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) में स्पेशल कन्वोकेशन सेरेमनी के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब दे रही थीं। स्पेशल कन्वोकेशन में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और पद्मश्री बिमल कुमार जैन को विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए एसजीटीयू की ओर से डी लिट की मानद उपाधि (ऑनरिस कॉसा) से सम्मानित किया गया। आरती सिंह राव ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि हरियाणा में पैरा एथलीटों का भविष्य सुखद है। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एथलीट व पैरा एथलीट, दोनों को समान अधिकार व सम्मान दे रहे हैं। इस अवसर पर दिव्यांगों का सहारा बन कर उनके कष्टों को कम करने के मिशन में जुटे और "ऑर्गन मैन" के नाम से मशहूर पद्मश्री बिमल कुमार जैन ने कहा कि देश को बदलने के लिए समाज को बदलना होगा।

---

**पुलिस ने किया आरोपी बेटी को गिरफ्तार**

# बेटी ने हंसिए से हमला कर पिता का उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

हरदी बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रलिया के लिममुंडा बस्ती में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बेटी ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय अशोक कुमार केवट अपने परिवार के साथ रलिया में रहते थे। पिछले आठ वर्षों से उनकी पत्नी और तीन बेटियां कोरबा के आदिले चौक में अलग रह रही थीं। बेटियां निजी कंपनी में काम करती हैं और एक पढ़ाई कर रही है। सोमवार को अशोक केवट की पत्नी और तीनों बेटियां किसी काम से रलिया गांव आई हुई थीं। एक बेटी का जाति प्रमाण पत्र बनवाना था, जिसके कारण वो वहीं रुकी हुई थीं। सोमवार की देर रात, बड़ी बेटी गीता केवट (27 वर्ष) और पिता अशोक केवट के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गीता ने घर में रखे हंसिये से पिता के गले पर वार कर दिया।

### अन्य बेटियों सहित अलग रहती है मृतक की पत्नी

मृतक अशोक केवट के भाई संतोष कुमार ने बताया कि हत्या के बाद गीता बाहर आई और उसने कहा कि पिताजी को मार डाला है, जाकर देख लो। अंदर जाने पर अशोक खून से लथपथ मिले और उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अशोक केवट आदतन शराबी थे और उनकी हरकतों से परेशान होकर पत्नी और बच्चे उनसे अलग रहते थे। मृतक अशोक अक्सर अपनी मां और बेटी के चरित्र पर भी सवाल उठाते थे, जिससे वो परेशान थीं। अशोक राजमिस्त्री का काम करते थे और अकेले ही जीवन यापन कर रहे थे। आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। हत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस विस्तृत जांच कर रही है।

---

## मंथन पर फैसला, अलग-अलग भूमिका अदा करेंगे

# अब कांग्रेस का लीडर एडजस्टमेंट प्लान- 3 हजार से अधिक नेताओं को मिलेगी जिला ब्लॉक और ग्राम के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की तीन दिन चली बैठकों के बाद संगठन को लेकर एक नया फार्मूला सामने आया है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने अब नेताओं के पुनर्वास की तैयारी भी शुरू कर दी है। संगठन को और मजबूत करने के लिए करीब 3000 से अधिक नेताओं के एडजस्टमेंट का प्लान बनाया गया है। ये नेता अलग-अलग भूमिकाओं में पार्टी के लिए काम करेंगे।

मध्य प्रदेश में लगातार तीन दिन तक कांग्रेस की बैठकों का दौर चला। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन हुआ। इन बैठकों में यह फैसला लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। खास तौर पर वे नेता, जिन्हें कार्यकारिणी में जगह नहीं मिल पाने की वजह से पार्टी में हाशिये पर माना जा रहा था, अब उन्हें ब्लॉक, मंडल और सेक्टर प्रभारी बनाया जाएगा। कांग्रेस का मानना है कि इससे संगठन की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ेगी। नेताओं की नियुक्ति के साथ-साथ जिला कार्यकारिणी को लेकर भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से दिशा-निर्देश मिले हैं। इसके तहत छोटे

### बदलाव पर आमने-सामने कांग्रेस बीजेपी

प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले का कहना है कि चुनाव से पहले कांग्रेस एक बड़ी रणनीति पर काम कर रही है और संगठन स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जा रही





फाइल फोटो।

### संगठन पर मेहनत कर रहे

नेताओं का एडजस्टमेंट कांग्रेस के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। अनुशासनहीनता और गुटबाजी पार्टी की पुरानी समस्या मानी जाती रही है। अब देखना होगा कि संगठन में किया जा रहा ये बदलाव कांग्रेस को कितनी मजबूती देता है। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जिस तरह लगातार मध्य प्रदेश में मेहनत कर रहे हैं, उससे संगठन को लेकर एक नई उम्मीद जरूर जगी है। नेताओं के एडजस्टमेंट पर मंथन, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को हाईकमान के निर्देशों का पालन, जंबो कार्यकारिणी में कटौती, केवल सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा।

---

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करते हेमंत।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी एवं विधायक सतीश उपाध्याय के बड़े भाई अवधेश उपाध्याय के दुःखद निधन पर नई दिल्ली स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

## चिंतन

# खुद की सजगता ही बचा सकती है साइबर ठगी से

डिजिटल तकनीक ने जहां देश को नई गति दी है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं हैं। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इस डिजिटल विस्तार के साथ साइबर ठगी का जाल भी तेजी से फैला है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि व्यवस्था की कमजोरी और नागरिकों की असुरक्षा को भी उजागर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी को डकैती और लूट की संज्ञा देते हुए इसे गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया है, जो समय रहते नहीं रोकी गई तो इसके परिणाम और भयावह होंगे। ठगी के मामलों में एक बात साफ दिखाई देती है कि ठग तकनीक से ज्यादा मानसिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। लालच और अज्ञानता उनके सबसे बड़े हथियार हैं। आसान मुनाफे का लालच देकर, डर पैदा करना और विवेक को शून्य कर देना, यही उनकी रणनीति है। कभी केवाईसी अपडेट के नाम पर, कभी फर्जी निवेश योजना, तो कभी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज चेतावनी नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने वाली है। अदालत ने साफ कहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रही ठगी में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आरबीआई की एसओपी में यह प्रावधान है कि साइबर फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, जैसे संदिग्ध लेन-देन पर डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड पर डालना, खाते की गतिविधि सीमित करना और समयबद्ध जांच। इसका उद्देश्य नुकसान को शुरुआती स्तर पर ही रोकना है। समस्या यह नहीं कि नियम मौजूद नहीं हैं, बल्कि यह है कि उनका पालन ढीले-ढाले तरीके से किया जा रहा है। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह केवल दिशानिर्देश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके पालन की निगरानी भी सुनिश्चित करे। डिजिटल ठगी का एक और खतरनाक रूप है लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना और सरकार के नाम पर लॉटरी टिकट बेचकर लोगों को ठगना। ठग खुद को सरकारी एजेंसी, राज्य लॉटरी विभाग या किसी प्रतिष्ठित सरकारी योजना का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या मैसेज करते हैं। बड़ी इनामी राशि का लालच देकर पहले मामूली रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके बाद कभी दस्तावेजों में कमी, तो कभी नए शुल्क का बहाना बनाकर ठगी का सिलसिला चलता रहता है। डिजिटल ठगी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या अदालत की नहीं, बल्कि समाज की भी है। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कोई भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरा ऑफर चाहे वह सरकारी के नाम से ही क्यों न आए, बिना जांच के स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बैंक या सरकारी विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते। जागरूक नागरिक, सख्त कानून और जवाबदेह व्यवस्था इन तीनों के बिना डिजिटल भारत का सपना सुरक्षित नहीं हो सकता।

# क्या हैं अमित शाह के बयान के निहितार्थ



विचार
पंकज झा

देश के गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में कहा कि 'छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने माओवादी मूवमेंट को प्रश्रय देकर रखा था इसमें किसी को भी शंका करने की कोई ज़रूरत नहीं है।' इस परिप्रेक्ष्य में अगर आप तब की भूपेश सरकार के कार्यों का विश्लेषण करेंगे, तो पाएंगे कि सचमुच कांग्रेस के एक समूह ने नक्सलियों को हमेशा ताकत देने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में झीरम में भयंकर नक्सल हमला हुआ था, जिसमें माओवादियों के विरुद्ध पूरी ताकत से लड़ने वाले महेंद्र कर्मा से लेकर कद्दावर नेता नंद कुमार पटेल समेत दर्जनों नेता बलिदान हुए थे। उस हमले के बाद कांग्रेस में आई रिक्तता का सबसे अधिक लाभ किसे मिला, यह सर्वज्ञात है।

उस दुर्भाग्यजनक हमले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में लगातार बघेल यह कहते रहे थे कि झीरम हमले के साक्ष्य उनकी जेब में हैं। लेकिन मुख्यमंत्री बन जाने के बाद भी न तो उन्होंने साक्ष्य सार्वजनिक किया, न ही उसे किसी जांच एजेंसी को सौंपा, जबकि साक्ष्य छिपाना भी दंडनीय अपराध है। इसी विषय पर दो कदम और आगे बढ़ते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बिलासपुर में दो टूक यह कहलवा दिया गया कि 'झीरम हमले में नक्सलियों का हाथ नहीं है।' ऐसा कह कर सीधे तौर पर कांग्रेस सुप्रीमो से माओवादियों को क्लीन चिट दिलवा दी गई। इससे भी माओवादियों को प्रश्रय मिला ही। प्रदेश के मानपुर मोहला में तो कांग्रेस विधायक की उपस्थिति में हुई सभा में एक नक्सली ने क्षेत्र में वोट मांगने आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को काट देने के धमकी दी थी। उस पर अमल भी किया। फिर ऐसा आतंक फैला कर वहां से कांग्रेस जीत कर भी आयी।

छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीता रंजन का बयान याद कीजिए, जब उन्होंने कहा था कि सभी नक्सली खराब और गलत नहीं होते। कांग्रेस के यूपी के तब के अध्यक्ष राज बब्बर ने सीधे तौर पर माओवादियों को क्रांतिकारी कहा था। दुर्दांत नक्सली हिड़मा के मारे जाने पर तो पूर्व सीएम दिग्विजय ने एक संदिग्ध महिला का पोस्ट रिपोस्ट करते हुए उस पर सवाल उठाए थे। आतंकी हिड़मा की लाश पर जिस तरह वह महिला दहाड़े मार कर रो रही थी, उससे भी यह साबित हुआ कि नक्सलियों से उसके कैसे संबंध थे।

आज जब केंद्र और राज्य की दोनों सरकारें मिलकर माओवाद के विरुद्ध अंतिम लड़ाई लड़ रही हैं, तब भी कांग्रेस से नक्सल समर्थक बयान दिलवाये जा रहे हैं। अप्रैल 2024 में कांकेर जिले में 29 माओवादियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को उस समय तक की सबसे बड़ी सफलता मिली थी। इस मुठभेड़ को भी फर्जी साबित करने सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामने आए थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने प्रेस रिलीज जारी कर नाम समेत स्वीकार किया था कि उनके 29 लोग मारे गए हैं।



ऐसे दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं जब कांग्रेस ने माओवाद के विरुद्ध लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश की। यहां तक कि छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं रहने पर अब तेलंगाना से माओवादियों को समर्थन के बयान दिलवाये जा रहे हैं। वहां की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सितंबर 2025 में नक्सलवाद को एक 'फिलॉसफी' कहा जिसे 'बल पूर्वक खत्म नहीं किया जा सकता।' उन्होंने इसे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं से जन्मी समस्या बताया।

गृह मंत्री अमित शाह ने जैसा कहा भी कि यह अगर विकास की कमी का परिणाम होता, तो 'बस्तर से अधिक पिछड़े भारत के सौ जिले उस समय भी थे, लेकिन उनमें से कहीं भी नक्सलवाद नहीं पैदा हुआ। फिर भी अगर यह मान भी लिए जायें कि यह आर्थिक असमानता या शोषण से उपजा आतंक है, तो सवाल तो आखिर इसकी जिम्मेदारी कांग्रेस की ही तो है। जिस बस्तर को शोषण और दमन का उपनिवेश बना कर रखा गया था, कथित रूप से जिसके कारण माओवादी आतंक को प्रश्रय मिला, उस समय अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस का ही तो शासन था। विडंबना तो यह है कि आदिवासी जन-जीवन को अलग बताते हुए जो लोग कांग्रेस शासन में बस्तर को विकास से अछूता रखना चाह रहे थे, वही लोग सेवानिवृत्ति के बाद लाल झंडा उठाते हुए बस्तर के पिछड़ेपन का बहाना कर नक्सल हिंसा को बौद्धिक आधार देने पहुंच गए थे। जिस अविभाजित आंध्रप्रदेश के रास्ते माओवादी बस्तर में आए, महाराष्ट्र में, बिहार-झारखंड में, पश्चिम बंगाल में हर जगह तब कांग्रेस ही तो थी। जिस नक्सलवाड़ी में कानू-चारू ने इस मूवमेंट की शुरुआत की थी, जिस शोषण और उत्पीड़न को कारण या बहाना बनाया गया, वहां तब किस दल की सरकार के कारण ऐसा था? जाहिर है कांग्रेस और बाद में कम्युनिस्ट ही तो इसके जिम्मेदार रहे। झारखंड में तो जिस झामुमो से कांग्रेस का गठबंधन रहा, उसने तो अनेक नक्सलियों को टिकट देकर कांग्रेस के समर्थन से लोकसभा और विधानसभा में भेजा। यह स्पष्ट है नक्सलवाद के जो भी बहाने रहे हों, उसकी जड़ में कांग्रेस रही है। आज भी गाहे-ब-गाहे कांग्रेस यही करती नजर आ रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री के जवाब में आए भूपेश बघेल के बयान भी इस 'प्रश्रय' को सही ठहराता प्रतीत हो रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि 'नक्सलवाद तब समाप्त माना जाएगा, जब पैरा मिलिट्री फोर्स को विथड्रा कर लेंगे। जब जन-प्रतिनिधियों को दी गई सुरक्षा वापस ले लेंगे।' इससे अधिक संवेदनहीन बयान की और क्या कल्पना की जा सकती है? क्या बघेल यह चाहते हैं कि सुरक्षा बलों को वापस लेकर फिर से आदिवासियों को असुरक्षित छोड़ दिया जाय? या जिस बस्तर में दर्जनों हजारों आदिवासी, दर्जनों नेता-कार्यकर्ता बलिदान हुए, वहां जनप्रतिनिधियों को असुरक्षित छोड़ दिए जाएं?

यही वह संवेदनहीनता है जिसका परिचय शासन में रहते भूपेश बघेल ने दिया था, जब अप्रैल 2021 में बीजापुर में हुए नक्सल हमले में 22 जवान शहीद हुए थे, उस समय न केवल वे असम में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे बल्कि उस रात को जब अमित शाह असम से छत्तीसगढ़ आ कर मीटिंग कर लौट भी गए, तब बड़े ही संवेदनहीन तरीके से बस्तर के तब के सांसद और कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ असम के रेस्तरा में किए रात्रि पार्टी का फोटो कांग्रेस अध्यक्ष के हैंडल से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था।

सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की बात कर कांग्रेस महासचिव बघेल क्या उस दौर के वापसी चाहते हैं, जब 'सलवा जुडूम' को कोर्ट द्वारा समाप्त कर देने के बाद चुन-चुन कर आदिवासियों की हत्या की गई? संदर्भवश यह भी उद्धृत किया जा सकता है कि कांग्रेस के ही नेता रहे स्व. महेंद्र कर्मा के ही नेतृत्व में सलवा-जुडूम शुरू हुआ था। उसे कोर्ट द्वारा समाप्त करने पर कांग्रेस इतना अधिक कृतज्ञ हो गई कि उस फैसला देने वाले तबके के जज को सीधे उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बना दिया। इस उम्मीदवारी का विरोध करने बड़ी संख्या में ऐसे आदिवासीजन सीधे दिल्ली पहुंचे थे जिन्होंने नक्सल हमले में हाथ, पांव, आंखें, परिवार आदि खो दिया था। इस तरह नक्सल पीड़ितों के घावों पर कांग्रेस नेतृत्व ने नमक ही छिड़का था। वास्तव में सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की बात कर भूपेश बघेल अपनी उसी अवज्ञा का परिचय दे रहे हैं, जैसा भाव केंद्रीय संस्थाओं, संघीय ढांचा के प्रति उनके पूरे कार्यकाल के पहचान रही, जिसका खामियाजा बस्तर को भी भोगना पड़ा था।

अभी अमित शाह के जिस पुराने बयान को तोड़-मरोड़ कर भूपेश बघेल प्रस्तुत कर रहे, तब की वह सफलता भी सुरक्षा बलों के कारण मिली थी और वह कांग्रेस शासन के बावजूद हो पाया था। अगर ऐसा नहीं होता तो जो सफलता आज विष्णुदेव साय जी की सरकार में मिल रही है, वह तभी मिल पाना संभव होता अगर भूपेश सरकार ने वर्तमान भाजपा सरकार की तरह सहयोग किया होता तो। बहरहाल!

बस्तर अब दशकों की पीड़ा के बाद एक नयी सुबह की बाट जोह रहा है। आज वहां बारूद की जगह विकास प्रश्रय पा रहा है। ऐसे में कांग्रेस को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती। हमेशा शांति-व्यवस्था और संविधान को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। गृह मंत्री के बयान का यही लब्बोलुआब है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर




# विज्ञान-अनुसंधान में आधी आबादी का बढ़ता प्रभाव

आधी आबादी को समर्पित आज का दिन कई मायनों में खास है। विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए सालाना 11 फरवरी को 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। 22 दिसंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा में घोषित इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी को बढ़ाना और लैंगिक असमानता को दूर करना था। आज इस दिवस का 11वां संस्करण मनाया जा रहा है। इस साल की थीम 'अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है' पर केंद्रित है। विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों की बात करें, तो मंगल मिशन की सफलता से लेकर नासा और नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान के वैश्विक स्तर पर भी भारतीय महिलाओं की धूम है। ये सिलसिला अब इसलिए भी रुकने वाला नहीं? क्योंकि सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर महिलाएं दिनोंदिन विज्ञान की दुनिया में अकल्पनीय कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं। एकाध दशकों के भीतर विज्ञान क्षेत्र और उसके विषय में महिलाओं की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी के तौर पर उभरी हैं। आधा आबादी ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपना क्रांतिकारी योगदान देकर अपने दम पर पुरुषों के साथ कदम ताल मिलाया है। मैरी क्यूरी से लेकर भारतीय अंतरिक्ष मिशनों तक, महिलाओं ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की हैं। केंद्र सरकार ने 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 16,628 करोड़ रुपये आवंटित इसलिए किए थे, ताकि इस क्षेत्र में धन की कमी न आए। अब भारत में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2018-19 की विभिन्न शोध परियोजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन 28 से 30 फीसदी तक बढ़ीं। 2024-24 के आंकड़ों में और इजाफा हुआ है। गति अगर यूं ही बरकरार रही, तो साल 2047 में जब भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा, तब विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी आधी हो जाएगी। महिलाओं के लिए भारत अब बदल चुका है, क्योंकि वैश्विक औसत के हिसाब से विज्ञान क्षेत्र में भारतीय महिलाएं की रुचि ज्यादा बढ़ी है। यही कारण है कि स्टेम शिक्षा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 43 प्रतिशत तक जा पहुंची है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में इंटरशिप, छात्रवृत्तियां और अन्य 11 पीठों का गठन महिला शोधकर्ताओं को बढ़ाने मकसद से शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार में इसका अलग से मंत्रालय भी बनाया गया है। मंत्रालय का नाम है 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान'। एक जमाना था, जब विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गिनी चुनी महिलाओं की ही आमदगी होती थी। पर, अब इसरो के चंद्रयान और मंगलयान मिशनों की सफलता में भारतीय महिला वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान भी दिखने लगा है। आनंदीबाई जोशी पहली महिला डॉक्टर, असिमा चटर्जी पहली कैंसर और मिर्गी शोध, सुषमा घोष पहली चिकित्सा विज्ञान और जानकी अम्माल ने गन्ने की हाइब्रिड प्रजातियों के विकास में जो योगदान दिया, उसे कोई नहीं भूल सकता। वहीं, अन्ना मणि का सौर विकिरण और ओजोन परत के क्षेत्र में दिया उल्लेखनीय कार्य सदैव सराहनीय रहेगा। इन महिलाओं ने ये सफलताएं उस समय हासिल की थी, जब महिलाओं को घरों की चारदीवारी में कैद करके रखा जाता था। बाहर निकलने की आजादी तक नहीं होती थी। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने न केवल विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान किया, बल्कि गणित, अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में दमदार प्रदर्शन करने वाली इन महिलाओं के संबंध में युवा पीढ़ी को जानना चाहिए। वैश्विक पटल पर भी भारतीय महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा अपनाया। कल्पना चावला भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के बारे में छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई जानता है। कल्पना अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं जिसने 376 घंटे 34 मिनट तक अंतरिक्ष में रहकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने धरती के 252 चक्कर लगाए थे। वहीं, सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिये अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। सुनीता विलियम्स ने एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। उनसे प्रेरणा लेकर भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में आ रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोड़कर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*- प्रथमेश कुलकर्णी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जनता का भरोसा



महाराष्ट्र की जनता ने जिला परिषद चुनावों में महायुति के पक्ष में स्पष्ट निर्णय लेकर विकास तथा सुशासन की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। इस जनविश्वास के लिए राज्य की जनता का हृदय से आभार। जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा ही इस जीत का आधार बना है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**


### प्रधानमंत्री आवास योजना



प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हज़ारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिल रहा है, जो उनके सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की मजबूत नींव है। मेरा निरंतर प्रयास है कि पंक्ति में सबसे आख़िरी खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुँचे, ताकि कोई पात्र वंचित न रहे।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**


### पायलट को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया, भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण का परिचय दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### घरेलू उत्पादन बढ़ाएं



भारत अपने तेल और गैस का 90 फीसदी आयात करता है। हम तीन तरफ से समुद्र से घिरे हैं। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम तेल और गैस के लिए विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार हैं।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# केन्या में 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में



केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने यह जानकारी दी। केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

## ऑफ बीट

# दो-तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया का खतरा कम



वैज्ञानिकों ने पाया है कि दिन में दो से तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है, लेकिन इससे अधिक मात्रा में कॉफी पीने से मस्तिष्क को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता। एक व्यापक अध्ययन में सीमित मात्रा में कैफीनयुक्त कॉफी या चाय पीने वालों में डिमेंशिया होने की संभावना कम पाई गई। अध्ययन के अनुसार, 75 वर्ष या उससे कम आयु के लोगों में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा गया। रोजाना करीब 250-300 मिलीग्राम कैफीन (लगभग दो से तीन कप कॉफी) लेने वालों में डिमेंशिया का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि इससे अधिक कैफीन लेने से कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिला। अध्ययन में शामिल महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में वे प्रतिदिन औसतन साढ़े चार कप कॉफी या चाय पीती थीं, जबकि पुरुषों के लिए कॉफी की औसत खपत ढाई कप थी। अधिक कैफीन लेने वाले प्रतिभागी अपेक्षाकृत कम उम्र के थे, लेकिन वे शराब का अधिक सेवन करते थे, धूम्रपान करते थे और अधिक कैलोरी लेते थे, जो डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ाने वाले कारक माने जाते हैं। शोध में यह भी पाया गया कि कैफीन रहित कॉफी पीने वालों में स्मृति क्षय तेज़ी से हुआ।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


## खबर संक्षेप

### वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट पहुंचा हत्यारा



**संभल।** धनारी थाना क्षेत्र से अपहृत कर हत्या किए गए दो सगे भाइयों के मामले में फरार चल रहा हत्यारोपित धनवीर सोमवार को चंदौसी न्यायालय में अधिवक्ता की ड्रेस पहनकर पहुंचा और अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को पहले से ही उसके समर्पण की सूचना मिल गई थी, लेकिन वह प्रवेश करने में सफल रहा।

### लैंबोर्गिनी शिवम मिश्रा ही चला रहा था, फरार



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में करोड़पति तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा की लैंबॉर्गिनी कार से हुए हादसे ने अब कानूनी लड़ाई का रूप ले लिया है। कानपुर पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट कर दिया है कि हादसे के वक्त शिवम ही स्टीयरिंग पर था। वहीं, शिवम के पिता ने बेटे का बचाव करते हुए एक अलग ही कहानी पेश की है। एफआईआर दर्ज की है।

### सुनेत्रा ने डिप्टी सीएम का पदभार संभाला



**मुंबई।** सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद का चार्ज संभाला और अपने स्वर्गीय पति अजित पवार की विरासत और आदर्शों को बनाए रखने और एक ज्यादा काबिल राज्य बनाने के लिए ईमानदारी से कोशिश करने का वादा किया। डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार ने कहा कि वेमहाराष्ट्र की भलाई के लिए पूरी वफादारी और लगन से काम करती रहेंगी।

### हत्या का मास्टरमाइंड अमृतपाल भगोड़ा घोषित



**नई दिल्ली।** पंजाब की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रहीं कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी की हत्या के मामले में बठिंडा कोर्ट ने सिख कट्टरपंथी नेता अमृतपाल सिंह मेहरों को भगोड़ा घोषित कर दिया है। बार-बार समन के बावजूद वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। भगोड़ा घोषित किए जाने से इंटरपोल के जरिए रेड कार्नर नोटिस जारी में पुलिस को मदद मिल सकेगी। वह भाग नहीं पाएगा।

### हाईवे पर हादसा 3 युवकों की मौत



**लुधियाना।** फगवाड़ा-लुधियाना हाईवे पर गांव चाचोकी के नजदीक भीषण सड़क हादसा हुआ है। कार और टाटा 407 के भी आमने-सामने भयानक टक्कर हो गई। इस भयानक हादसे में कार सवार 3युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान साहिल मोहम्मद, दलजीत भट्टी और अवतार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये तीनों लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्र थे।

### दिल्ली विश्वविद्यालय को 3 सप्ताह का अतिरिक्त समय

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री से जुड़ी जानकारी के खुलासे को लेकर चल रहे मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अपील दाखिल करने में हुई देरी पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए विश्वविद्यालय को तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दे दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने कहा जैसा कि प्रार्थना की गई है, देरी माफ करने से संबंधित आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया जाता है।

---

### बच्चों के लापता होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता और कहा

# इसके पीछे देशभर में कोई नेटवर्क तो नहीं चल रहा, सरकार करे पता व डेटा भी जुटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## एडिशनल सॉलिसिटर जनरल बोलीं- कुछ राज्यों ने डेटा दिया

बच्चों के लापता होने की खबरों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पता करे कि इसके पीछे कोई देशव्यापी नेटवर्क तो नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आप जानकारी दें कि क्या पूरे देश में ऐसा कोई नेटवर्क है या फिर किसी राज्य में ही स्टेट लेवल पर ऐसा चल रहा है। बीते कुछ दिनों में बच्चों के गायब होने की खबरें काफी चर्चा में रही थीं।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि यह पता लगाने की जरूरत है कि ऐसी घटनाओं के पीछे कोई एक ही पैटर्न है या फिर ऐसी घटनाओं में आपस में कोई संबंध नहीं है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसी घटनाओं का सभी राज्यों से ब्योरा जुटाए। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों की ओर बच्चों के लापता होने का डेटा दिया गया है।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां की बेंच ने कहा



### 8 मिनट में एक बच्चे के गायब होने पर भी सवाल किए

दरअसल अदालत ने 9 दिसंबर को ही केंद्र सरकार को आदेश दिया था कि वह बीते 6 सालों का देश भर का डेटा जुटाए। इससे पता चल सकेगा कि कितने बच्चे कहां से कब किडनैप हुए हैं? होम मिनिस्ट्री को उसने आदेश दिया था कि देश भर का डेटा एकत्रित किया जाए। इसके अलावा अदालत का यह भी कहना था कि पूरे डेटा को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। दरअसल बीते साल 18 नवंबर को एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि हर 8 मिनट पर देश में एक बच्चा गायब हो जाता है और यह गंभीर मसला है। इस पर अदालत ने कहा था कि इस मामले की जटिलता को देखते हुए सरकार डेटा जुटाए और फिर सही मेकेनिज्म तैयार किया जाए।

### जिन बच्चों को बचाया गया उनके इंटरव्यू लें

पीठ ने सरकार को यह सुझाव भी दिया कि जिन लोगों को किडनैपिंग से बचाया गया है। उनके इंटरव्यू करने चाहिए। इससे कुछ अंदाजा लग सकेगा कि आखिर ऐसी घटनाओं को कौन अंजाम दे रहा है। इसके अलावा बेंच ने ऐसे राज्यों के रवैये पर भी आपत्ति जताई, जिन्होंने डेटा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरी हुआ तो हम इस मामले में कोई सख्त आदेश भी जारी करेंगे। इस पर केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हमने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सभी राज्यों से डेटा की डिमांड की गई है। दरअसल इस मामले में एक एनजीओ की ओर से याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है।

### 12 राज्यों ने कोई जानकारी नहीं दी

ऐसे मामलों में चल रहे मुकदमों का स्टेटस भी मिला है, लेकिन अब भी करीब एक दर्जन ऐसे राज्य हैं, जहां से जानकारी नहीं मिल पाई है। ऐश्वर्या ने कहा कि केंद्र सरकार को पूरा डेटा मिलने के बाद ही उसका विश्लेषण किया जा सकता है। इस पर बेंच ने भाटी से कहा, 'हम यह जानना चाहते हैं कि इसके पीछे कोई राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है या फिर राज्य स्तर पर ही ऐसा कुछ हो रहा है। यह कोई पैटर्न है या फिर इन घटनाओं में कोई आपसी ताल्लुक नहीं है।'

### पॉक्सो मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया



सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में पारित इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया जिसमें पॉक्सो मामले के आरोपों को 'छेड़छाड़' तक सीमित कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से न्यायाधीशों को विशिष्ट प्रशिक्षण देकर संवेदनशील बनाने पर गौर करने को कहा है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने कहा कि उक्त फैसले में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वह अपराध की गंभीरता को कमतर बनाने वाले लगते हैं। वे 11 साल की बच्ची को पुलिया के नीचे खींच ले गए। उसके कपड़े उतारने की कोशिश की। सलवार का नाड़ा तोड़ दिया। इस मामले में हाईकोर्ट जज ने कहा कि क्योंकि वह उनके साथ जाने के लिए सहमत हो गई थी, इसलिए आपने आरोपी को ऐसी हरकत करने को आमंत्रित किया है। कोलकाता रेप मामले में भी ऐसा ही हुआ था। निर्णय में इस तरह की भाषा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। केरल राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़ित अधिकार केंद्र के सहयोग से हम उम्र के अनुरूप भाषा के संबंध में संवेदीकरण का काम भी कर रहे हैं।

---

## एससी-एसटी समाज के केंद्रीय बजट में चोरी कर रही भाजपा सरकार- कांग्रेस



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा सरकार पर अनुसूचित जाति और आदिवासियों के बजट के पैसे का उपयोग अन्य कार्यों में किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी ने यह भी कहा कि इन वर्गों के लिए पिछले कई वर्षों से लक्षित योजनाओं का बजट लगातार घट रहा है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा हाल ही में पेश किए गए 58 लाख करोड़ के कुल बजट में से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 1,96,400 करोड़,अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 1,41,089 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

पिछले कुछ वर्षों के विश्लेषण से पता चलता है कि एससी-एसटी वर्गों के बजट का केवल 41 प्रतिशत ही वास्तव में उनके विकास के लिए उपयोग किया जा रहा है। 42 प्रतिशत पैसा सामान्य योजनाओं और 17 प्रतिशत ऐसी योजनाओं में जा रहा है, जिनका दलितों-आदिवासियों से सीधा संबंध नहीं है। गौतम ने कहा कि एससी-एसटी के बजट में से यूरिया सब्सिडी के लिए 14,584 करोड़, फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए 6,804 करोड़, टेलीकॉम कंपेंसेशन के लिए 2,539 करोड़, इंफ्रास्ट्रक्चर मेंटेनेंस के लिए 2,535 करोड़ और रोड वर्क्स के लिए 10,150 करोड़ रुपए दिए गए जबकि एससी-एसटी समुदायों के अधिकांश लोग भूमिहीन हैं और कृषि सब्सिडी का लाभ उन्हें नहीं मिलता। गौतम ने कहा कि इन वर्गों के लिए पिछले कई वर्षों से लक्षित योजनाओं का बजट लगातार घट रहा है और रिवाइज्ड बजट में इसे और कम कर दिया जाता है। कई योजनाओं में फंड सरेंडर हो जाता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार धन की कमी का बहाना बनाकर बच्चों के सपने तोड़ रही है। नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत चयनित 106 बच्चों में से केवल 40 बच्चे ही विदेश जा पाए, जबकि 66 बच्चों को 'फंड की कमी' बताकर रोक दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले चार वर्षों में उच्च शिक्षा के दौरान 48,000 बच्चों ने आत्महत्या की, जिनमें अधिकांश एससी-एसटी और ओबीसी समाज से थे।

उन्होंने इसका मुख्य कारण जातिगत भेदभाव और भारी-भरकम फीस बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों की स्कॉलरशिप समय पर नहीं आती, जिससे कर्ज बढ़ जाता है और परेशान होकर छात्र या तो शिक्षा बीच में ही छोड़ देते हैं या खुदकुशी जैसे गलत कदम उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशनों की स्थिति भी अच्छी नहीं है और बजट की कमी के चलते ये एससी-एसटी वर्ग के छात्रों को ऋण नहीं दे पा रहे हैं।

वहीं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने बजट को चोरी का सबूत बताते हुए कहा कि आदिवासियों के लिए आवंटित 1.41 लाख करोड़ में से वास्तव में लक्षित बजट मात्र 64,000 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि ट्राइबल सब-प्लान का बजट केवल आदिवासियों के लिए स्वीकृत होने के बावजूद उसका इस्तेमाल दूसरे विभागों में किया जा रहा है।

---

# स्टेलांटिस और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की 20 साल की साझेदारी, भविष्य के सहयोग के लिए हुआ नया एमओयू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




वैश्विक ऑटोमोबाइल कंपनी स्टेलांटिस और भारत की अग्रणी कार व एसयूवी निर्माता टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने अपनी 20 वर्षों की सफल साझेदारी का जश्न मनाते हुए भविष्य में और गहरे सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी दोनों कंपनियों के 50:50 संयुक्त उपक्रम फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से संचालित हो रही है।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस साझेदारी की शुरुआत से अब तक 1.37 मिलियन से अधिक वाहनों का उत्पादन किया जा चुका है। वर्तमान में एफआईपीएल में लगभग 5,000 कर्मचारी कार्यरत हैं और यहां हर वर्ष करीब 2.22 लाख वाहनों का निर्माण किया जाता है। रांजणगांव (पुणे) स्थित इस संयुक्त उपक्रम के संयंत्र में फिलहाल जीप के 4 मॉडल और टाटा मोटर्स के 3 पैसेंजर व्हीकल मॉडल का उत्पादन किया जा रहा है। यह संयंत्र मैन्युफैक्चरिंग, पावरट्रेन और सप्लाई चेन में अपनी मजबूत क्षमताओं के लिए जाना जाता है। स्टेलांटिस एशिया पैसिफिक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ग्रेगॉयर ओलिवियर ने इस अवसर पर कहा कि एफआईआईएल इस बात का प्रमाण है कि दो मजबूत संस्थाएं मिलकर दीर्घकालिक सफलता कैसे हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह साझेदारी आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग, नवाचार और सतत विकास को मजबूती देगी।

वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा कि स्टेलांटिस के साथ एफआईआईएल के माध्यम से बनी यह साझेदारी विश्वास, साझा मूल्यों और समान दृष्टिकोण पर आधारित है। आने वाले वर्षों में इस सहयोग को और गहरा करने की दिशा में दोनों कंपनियां प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि एफआईआईएल संयंत्र से निर्मित वाहन न केवल घरेलू बाजार बल्कि जापान और दक्षिण अफ्रीका जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी निर्यात किए जाते हैं, जो भारतीय ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग की वैश्विक क्षमता को दर्शाता है।

---

### विदेश मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की बैठक के बाद बोले थरूर

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता लागू होने पर दूर होंगी विपक्ष की शंकाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर जारी विपक्ष के हंगामे के बीच मंगलवार को संसद भवन परिसर में विदेश मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें सरकार की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुख्य वार्ताकार ने भाग लिया।

बैठक में बातचीत के केंद्र में भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे दो मुद्दे छाए रहे। बैठक के बाद संसदीय समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा कि आज की हमारी चर्चा का ज्यादातर हिस्सा भारत-ईयू एफटीए और भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर ही केंद्रित रहा है। समिति के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक सांसदों ने इन दोनों विषयों को लेकर अपने सवाल सरकारी प्रतिनिधियों के समक्ष उठाए।

### जल्द दूर होंगी सभी शंकाएं

*उन्होंने कहा कि हमने विदेश सचिव और मुख्य वार्ताकार से बैठक के दौरान पूरी तरह से बातचीत की है। उन्होंने हमारे तमाम प्रश्नों और चिंताओं का विस्तृत रूप से जवाब भी दिया है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सरकार के प्रतिनिधियों ने हमें जो जानकारी दी है। उसके आधार पर हम अगले मार्च महीने के मध्य तक भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद कर रहे हैं। एक बार जब ये समझौता हो जाएगा, तो मुझे लगता है कि हम लोगों के कुछ सवाल और शंकाएं दूर हो जाएंगी। थरूर ने कहा कि हमारे लिए हकीकत में यह एक अच्छी बैठक साबित हुई है। हालांकि समिति में गोपनीयता के भी अपने नियम हैं।*

---

# शिवकुमार को सीएम बनाने 80-90 विधायकों ने बनाया दबाव



कर्नाटक में कुर्सी की अंतर्कलह पर विधायकों ने डाला आग में 'घी'

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में जारी अंतर्कलह लगाता बढ़ती जा रही है। हाल ही में कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने अपने पिता सिद्धारमैया को लेकर कहा था कि वे पूरे 5साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम बदलने का मुद्दा अब खत्म हो गया है। इस बीच अब कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी के 80-90 विधायकों ने मुख्यमंत्री पद के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम हाई कमान को दिया है। हुसैन ने कहा कि हमने यह मामला हाई कमान पर छोड़ दिया है। हम एक अनुशासित पार्टी हैं और हमें शालीनता से व्यवहार करना होगा। हमें यह पसंद नहीं है कि वह (यतींद्र) बार-बार पिता के पक्ष में बोलकर आलाकमान को शर्मिंदा कर रहे हैं।

### आलाकमान संग बैठक करेंगे शिवकुमार

पिछले हफ्ते यतींद्र ने कहा था कि कांग्रेस हाई कमान ने सिद्धारमैया को पूरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहने की हरी झंडी दे दी है।यतींद्र के बयान पर शिवकुमार ने कहा कि ऐसे बयान पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने यह बयान दिल्ली में एक पार्टी बैठक के लिए रवाना होने से पहले दिया। उन्होंने कहा कि वे आगामी राज्य चुनावों पर एआईसीसी की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं।

### लोहे के टुकड़ों से इमारतें क्षतिग्रस्त एसडीएम ऑफिस की दीवार टूटी

**चित्तौड़गढ़।** जिले के कपासन स्थित रीको इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार रात करीब 11 बजे एक केमिकल फैक्टरी में बड़ा हादसा हो गया। मरून इंडस्ट्रीज में बॉयलर फटने से भीषण आग लग गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज करीब 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। हजारों किलो वजनी लोहे के टुकड़े हवा में उड़ते हुए करीब 300 मीटर दूर पंचायत परिसर तक गिरे।



## सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड

पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंद्राबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: www.samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

### 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2025 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30-09-2025 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2024 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह 31.12.2025 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह 31.12.2024 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2025 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 30-09-2025 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31-12-2024 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त नौ माह 31-12-2025 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त नौ माह 31-12-2024 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | - | - | 0.06 | | 0.15 | 0.22 | - | 1.15 | 1.14 | 1.66 | 1.73 | 3.13 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -8.46 | -6.21 | -8.34 | -24.74 | -22.58 | -29.57 | -6.45 | -8.15 | -10.50 | -27.01 | -29.71 | -39.56 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -8.46 | -6.21 | -8.34 | -24.74 | -22.58 | -29.57 | -6.45 | -8.15 | -10.50 | -27.01 | -29.71 | -39.56 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -8.46 | -6.21 | -8.34 | -24.74 | -22.58 | -29.57 | -6.45 | -8.15 | -10.50 | -27.01 | -29.71 | -39.56 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/हानि और कर के बाद अन्य व्यापक आय) | -8.43 | -6.14 | -8.22 | -24.64 | -22.26 | -29.23 | 2.09 | 7.88 | -3.08 | -3.07 | -18.41 | -28.08 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 |
| 7 | रिजवर्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.03 | -0.03 | -0.04 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.00 | -0.02 | -0.04 |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्युटेड (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.03 | -0.03 | -0.04 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.00 | -0.02 | -0.04 |

टिप्पणी :
1. प्रचालनों से कुल आय में केवल अन्य आय शामिल है क्योंकि कम्पनी प्रचालनों से आय नहीं रखती है।
2. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुसार, उपरोक्त परिणाम कम्पनी के अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किए गए हैं और समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है तथा 10 फरवरी 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
3. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
4. अन्तिम अवधियों के आंकड़े वर्तमान तिमाही के वर्गीकरणों की पुष्टि के लिए, जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।
5. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टाक एक्सचेंज के पास दायर किए गए तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। समेकित एवं स्टैंडअलोन तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.samtexfashions.com पर भी उपलब्ध है और ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से देखे भी जा सकते हैं।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 10.02.2026

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366




## उत्तर रेलवे

### ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 06.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|
| (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ तीस हजारी के कार्य क्षेत्र मे मोर सराय रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक नंबर 51 और 53 के टाइप-I क्वार्टरों को टाइप-II क्वार्टरों में बदलने का प्रावधान। | ₹ 9999965.95 | ₹ 200000.00 | 08 महीने |
| (बी) सहायक मंडल अभियंता/ सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र में पीके रोड रेलवे कॉलोनी में पी. के. रोड रेलवे कॉलोनी में खराब हो चुकी खिड़कियों की मरम्मत, बालकनियों में हार्ड ड्रॉन जाली की जगह एल्युमिनियम खिड़कियां और जाली लगाने कार्य हेतु । | ₹ 14999990.65 | ₹ 225000.00 | 08 महीने |

1. निविदा दिनांक: 06.03.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र सं: 128-डब्लयू/269/खुली निविदा सूचना/ टेंडर नः 32(ए,बी) दिनांक: 09.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 448/2026




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन** पुत्र श्याम चंद, निवासी 58, गली नं. 2, वाल्मीकि मोहल्ला, मंडावली, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 118/2023 धारा 379/511 भा.द.स., थाना मंडावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 118/2023 धारा 379/511 भा.द.स., थाना मंडावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **16.03.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री सचिन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (पूर्व)
कमरा नं. 16,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1532/ED/2026

# बीसीसीआई ने दिखाए कड़े तेवर, वर्ल्ड कप अभियान के दौरान परिवार के साथ नहीं रहेंगे भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने सख्त कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने अपनी सख्त नीतियों पर कायम रहते हुए टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान खिलाड़ियों के परिवारों को उनके साथ रहने से रोक दिया है। बता दें, टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन टीम ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में ही खेलने वाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं, जबकि छोटे टूर के लिए यह लिमिट घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है।



## कर सकते हैं अलग से इंतजाम

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैनेजमेंट ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में सफाई मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने साफ कहा कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, "बोर्ड ने साफ कर दिया है कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। हालांकि, अगर वे चाहें तो अलग से इंतजाम कर सकते हैं।" भारत टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लीग फेज के तीन मैच घर पर और एक गेम कोलंबो में खेलेगा। यह मैच भारत पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

## खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ सकता है असर

भारतीय टीम 2024 में न्यूजीलैंड से भारत में ही 0-3 से हारी थी और फिर ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-3 से हार हुई थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के खराब प्रदर्शन की स्थिति को देखते हुए ऐसा किया गया था। अधिकारियों का मानना था कि परिवारों के साथ होने से, खासकर विदेशी मैचों के दौरान, खिलाड़ियों का ध्यान भटक सकता है और उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने एक नियम बनाया है जिसके तहत सभी खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी।

# पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव, ग्रुप ए में टीम इंडिया का दबदबा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव है। लगभग हर टीम ने कम से कम एक मैच खेला है। इंडिया से लेकर न्यूज़ीलैंड और इंग्लैंड तक, सभी टीमों ने अपने पहले मैच जीते हैं। इस बीच, नीदरलैंड्स और नेपाल उलटफेर करने के बहुत करीब थे लेकिन आखिर में हार गए। सभी 20 वर्ल्ड कप टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है।

हर ग्रुप की पॉइंट्स टेबल में टॉप दो टीमें सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। इंडियन टीम ग्रुप ए में दबदबा बनाए हुए है, उसने अपने पहले मैच में यूएसए को 29 रन से हराया था। नीदरलैंड्स दूसरे और पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है। नामीबिया और यूएसए को अभी जीतना बाकी है।



| | |
|---|---|
| इंडिया | - 2 पॉइंट्स |
| नीदरलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| पाकिस्तान | - 2 पॉइंट्स |
| नामीबिया | - 0 पॉइंट्स |
| यूएसए | - 0 पॉइंट्स |

### ग्रुप बी में पहले स्थान पर जिम्बाब्वे

| | |
|---|---|
| जिम्बाब्वे | - 2 पॉइंट्स |
| श्रीलंका | - 2 पॉइंट्स |
| ऑस्ट्रेलिया | - 0 पॉइंट्स |
| आयरलैंड | - 0 पॉइंट्स |
| ओमान | - 0 पॉइंट्स |

### ग्रुप सी में मुश्किल में इंग्लैंड

| | |
|---|---|
| वेस्ट इंडीज | - 2 पॉइंट्स |
| स्कॉटलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| इंग्लैंड | - 2 पॉइंट्स |
| नेपाल | - 0 पॉइंट्स |
| इटली | - 0 पॉइंट्स |

### ग्रुप डी में द. अफ्रीका सबसे मज़बूत

| | |
|---|---|
| साउथ अफ्रीका | - 2 पॉइंट्स |
| न्यूज़ीलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| यूएई | - 0 पॉइंट्स |
| अफ़गानिस्तान | - 0 पॉइंट्स |
| कनाडा | - 0 पॉइंट्स |

## यूएई को 10 विकेट से शिकस्त देकर कीवी टीम ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

# ओपनर्स की रिकॉर्ड साझेदारी, न्यूजीलैंड ने यूएई को बिना विकेट गंवाए हराया

**174 का लक्ष्य 15 ओवर में पार किया**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी ने न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए।

## एलन में टी20 में पूरे किए 100 छक्के पूरे

एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।



## एलन ने दिखाए आक्रामक तेवर

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को लगातार दो चौके से खत्म किया। एलन ने जुनैद के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री पर भेजने के बाद अच्छी गेंद को डीप फाइन लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज दिया। सिफर्ट ने छठे ओवर में रोहिद के खिलाफ एक छक्का और तीन चौके जड़े, जिससे पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया।

## कप्तान वसीम ने खेली 66 रन की नाबाद पारी

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक कुमार ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारुप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली।

## नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया, डी लीडे की दमदार पारी



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप का ग्रुप ए का मुकाबला नामीबिया और नीदरलैंड के बीच मंगलवार को खेला गया। बास डे लीडे के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर नीदरलैंड ने नामीबिया को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से हरा दिया। नीदरलैंड को जीत के लिए 157 रन का लक्ष्य मिला। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैक्स ओ दाउद के रूप में पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा। वह 7 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बास डे लीडे ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 48 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों सहित नाबाद 72 रन की पारी खेल टीम को 12 गेंद पहले 7 विकेट से जीत दिला दी।

### लीडे के बल्ले से निकला विजयी चौका

डे लीडे ने दूसरे विकेट के लिए माइकल लेविट 28, के साथ 30 और तीसरे विकेट के लिए कोलिन एकरमैन 32 के साथ 68 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा लीडे ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद 18 के साथ 43 रन की साझेदारी की। नीदरलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीता। विजयी चौका बास डे लीडे के बल्ले से निकला।



## फरहान के अर्धशतक व स्पिन गेंदबाजी से पाक ने अमेरिका को 32 रन से हराया

भाषा ▶▶| कोलंबो

- पाकिस्तान की दूसरी जीत
- बाबर ने 46 रन बनाए, उस्मान तारिक को 3 विकेट

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से मंगलवार को यहां अमेरिका को आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 32 रन से शिकस्त दी। फरहान की 41 गेंद में 73 रन की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिर उस्मान तारिक (27 रन देकर तीन विकेट), मोहम्मद नवाज (21 रन देकर एक विकेट), शादाब खान (26 रन देकर दो विकेट) और अबरार अहमद (30 रन देकर एक विकेट) की स्पिन चौकड़ी ने अमेरिका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बनाने दिए। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी जिससे अब टीम चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। अमेरिका के शुभम रंजने (51 रन, 30 गेंद) ने अर्धशतक जड़ा लेकिन यह टीम के काम नहीं आ सका। सलामी बल्लेबाज श्यान जहांगीर (34 गेंद में 49 रन) और एंड्रीस गौस (13 रन) ने अमेरिका को अच्छी शुरूआत दी। इससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 42 रन था लेकिन स्पिनरों के आने से मैच का रुख बदल गया। नवाज की गेंद पर गौस डीप में सलमान आगा के हाथों कैच आउट हुए। पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने पावरप्ले खत्म होने तक एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे।

## आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे टिम डेविड

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अपना पहला ग्रुप मैच आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। डेविड हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। मार्श ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "वह पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में वह टीम में दिखेंगे।" टिम डेविड बिग बैश लीग के दौरान बॉक्सिंग डे पर इंजर्ड हो गए थे।

## खबर संक्षेप

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट अन्य खेलों से पीछे



**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। यह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान 'ड्रिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो के जरिए रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं।

### विश्व कप में दर्शकों में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बताया कि 2026 टी20 विश्व कप के पहले छह मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बयान में विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा, जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

# रणजी ट्रॉफी : बंगाल 19वीं बार सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश को पारी और 90 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के जारी सीजन में जहां तीन टीमें पहले ही क्वार्टरफाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं, वहीं आखिरी मुकाबले में बंगाल ने नीतीश कुमार रेड्डी वाली आंध्र प्रदेश टीम को पारी और 90 रन से हराकर 19वीं बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

बंगाल की इस जीत में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सुदीप कुमार ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 299 रन बनाए और सिर्फ एक रन से तिहरा शतक लगाने से चूक गए। इस जीत के साथ रणजी ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल का पूरा लाइनअप भी तय हो गया है। बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जाएगा।

### शमी ने उड़ाए आंध्र प्रदेश के छक्के



मोहम्मद शमी ने बल्ले से ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 33 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 53 रन ठोक दिए। बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में आंध्र प्रदेश की टीम संभल नहीं सकी और 244 रन पर ढेर हो गई, जिससे उसे पारी और 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी पारी में बंगाल के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट शाहबाज अहमद ने झटके।

### आंध्रप्रदेश की टीम 295 रन पर सिमटी

पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश के कप्तान रिकी भुई ने 83 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ 33 रन ही बना सके। पूरी टीम 295 रन पर सिमट गई। बंगाल की ओर से पहली पारी में मुकेश कुमार ने 5 विकेट हॉल लिया, मोहम्मद शमी ने 1 विकेट चटकाया और आकाश दीप ने 4 विकेट झटके।

## खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने का मौका : सैमी

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने 2016 में आईसीसी प्रतियोगिताओं के तीन खिताबों का हवाला देते हुए कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेटरों के सामने मौजूद चुनौतियां आज भी लगभग वही हैं, जो उस समय थी। वेस्टइंडीज ने पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब एक दशक पहले 2016 में जीता था। उस साल कोलकाता में तीन अप्रैल को उनकी पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

इसी साल उनकी महिला टीम भी इस प्रारूप की विश्व चैंपियन बनी थी जबकि इससे पहले अंडर-19 टीम ने विश्व कप फाइनल में भारत को हराया था। सैमी ने कहा, 2016 हमारे लिए बेहद खास साल था। सिर्फ सीनियर टीम के लिए ही नहीं, बल्कि महिला और अंडर-19 टीम के लिए भी। हालात आज भी शायद वैसे ही हैं।/" उन्होंने कहा, /"मुझे याद है 2016 में हमारे खिलाड़ियों को किस तरह के नामों से पुकारा गया था और हमें किन-किन संघर्षों से गुजरना पड़ा। हम आज भी 10 साल बाद उन्हीं चुनौतियों से जूझ रहे हैं।/" सैमी ने कहा कि इन बातों का असर मैदान पर प्रदर्शन पर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

# रोहतक की तनीषा ओहलान का धमाका हरियाणा ने अरुणाचल को 312 रनों से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वडोदरा के रेलवे ग्राउंड में खेले गए सीनियर वीमेंस वन डे ट्रॉफी एलीट मुकाबले में हरियाणा महिला टीम ने इतिहास रचते हुए अरुणाचल प्रदेश को 312 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। मैच की हीरो रोहतक की तनीषा ओहलान रही। तनीषा ओहलान ने 130 गेंदों पर 27 चौको की मदद से 185 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वही पूजा फोगाट ने चार विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की शुरुआत बेहद आक्रामक रही और टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में मात्र 3 विकेट खोकर 425 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। तनीषा ओहलान मैच की हीरो रही। रोहतक की इस खिलाड़ी ने मैदान के चारों ओर चौकों की बरसात कर दी। तनीषा ने महज 130 गेंदों में 185 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 27 शानदार चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 142.31 का रहा। कप्तान तनिष्का शर्मा ने भी मोर्चे से नेतृत्व किया और 90 गेंदों पर 135 रन ठोक दिए। उनकी पारी में 23 चौके और एक छक्का शामिल था। अंत में भावना ने 36 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाकर टीम के स्कोर को 400 के पार पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई।

### *अरुणाचल प्रदेश की पारी: ताश के पत्तों की तरह बिखरी टीम*

*426 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरुणाचल प्रदेश की टीम हरियाणा की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 50 ओवर खेलने के बावजूद 9 विकेट पर महज 113 रन ही बना सकी। हरियाणा की ओर से पूजा फोगाट ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए। सुमन ने भी कसी हुई गेंदबाजी की और 2 विकेट अपने नाम किए। अरुणाचल की ओर से लोज़ेन अशफाक (26), अर्चेता पनवार (18) और कप्तान नबाम यापु (15) ने थोड़ा संघर्ष दिखाया, लेकिन वे हार का अंतर कम करने के लिए नाकाफी था।*

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर

# आकृति ने रजत, अंजुम ने जीता कांस्य, सोफिया ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नए रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किए। टूर्नामेंट में भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### जूनियर वर्ग में अनुष्का ने जीता कांस्य पदक

जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3पी टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान ने 1760 अंकों के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

### आदर्श 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के आदर्श सिंह ने प्रिसीजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अनीश भानवाला 287 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार के नाम 277 अंक है। उन्हें फाइनल की दौड़ में शामिल होने के लिए बुधवार को बेहतर प्रदर्शन की जरुरत होगी।

## बेल्जियम के खिलाफ आज भारत करेगा अभियान की शुरुआत



**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी।




## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की हत्या कर दी गई है। घटना मेमेनसिंह जिले में हुई है। मृतक की



पहचान सुषेन चंद्र सरकार (62 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर तेज हथियार से हमला किया। फिर उन्हें दुकान के अंदर छोड़ शटर बंद कर दिए।

### जयपुर में जापान से आए दो टूरिस्ट लापता

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में जापान से घूमने आए दो टूरिस्ट लापता हो गए। मामले को लेकर



टैक्सी ड्राइवर की ओर से अशोक नगर थाने में शिकायत दी गई है पुलिस अब दोनों टूरिस्टों की तलाश में जुटी है। 6 फ़रवरी को जापान से दिल्ली पहुँचे दोनों टूरिस्ट को टैक्सी ड्राइवर ने दिल्ली से रिसीव किया और उसके बाद जयपुर लेकर आ गया। जयपुर आने के बाद रेस्टोरेंट में खाना खाने की कहकर दोनों निकले और वापस नहीं लौटे।

## अमेरिकी टैरिफ में कटौती के बाद रूस से तेल खरीद पर भारत ने नहीं खोले अपने पत्ते

# अपनी ऊर्जा जरूरतों को विविध स्रोतों से पूरा करेगा भारत, विदेश मंत्रालय ने दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 3 फरवरी को भारत से आयात होने वाले सामानों पर टैरिफ को 25% से घटाकर 18% करने की सहमति दी है। इसके अलावा, उन्होंने 6 फरवरी को रूसी तेल के निरंतर आयात को लेकर लगाए गए अतिरिक्त 25% टैरिफ को भी हटा दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस से कच्चे तेल का आयात रोकने पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिका की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह रूस की तेल से होने वाली कमाई को पूरी तरह से सुखाना चाहता है ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए उसकी फंडिंग रोकी जा सके।

हालांकि, इस मुद्दे पर अभी तक एक विरोधाभासी स्थिति बनी हुई है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि पीएम मोदी रूसी तेल रोकने पर सहमत हो गए हैं, वहीं पीएम मोदी ने खुद इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस संबंध में कहा कि इस पर जवाब विदेश मंत्रालय की ओर से आएगा। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि वे शायद यह पूछे जाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कूटनीतिक जवाब देते हुए कहा कि भारत की रणनीति 'बाजार की वस्तुनिष्ठ स्थितियों के आधार पर अपनी ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने' की है। इसका मतलब है कि भारत अपने हितों के अनुसार फैसला लेगा। वहीं, डेटा फर्म केप्लर का मानना है कि भारत निकट भविष्य में सस्ते रूसी ऊर्जा स्रोतों से पूरी तरह अलग नहीं होने वाला है।

### भारत अपने हितों के अनुसार फैसला लेता रहेगा



राष्ट्रपति ट्रंप व पीएम मोदी फाइल फोटो

#### रूसी तेल की शिपमेंट में कमी आई

हालिया आंकड़ों में गिरावट साफ दिखाई दे रही है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रूसी तेल की शिपमेंट में पिछले कुछ हफ्तों में कमी आई है। यह आंकड़ा अक्टूबर में 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से घटकर दिसंबर में 1.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया है। यह गिरावट दर्शाती है कि अमेरिकी दबाव और प्रतिबंधों का असर व्यापारिक निर्णयों पर पड़ रहा है।

### भारत में अमेरिका के राजदूत की स्वागत पार्टी

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में अपने आवास पर एक स्वागत पार्टी रखी। इस पार्टी में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत में अमेरिकी दूतावास में सर्जियो गोर के वेलकम रिसेप्शन में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। मुझे विश्वास है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ भारत-अमेरिका साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। इस रिसेप्शन में भारत के दोस्तों, डिप्लोमैटिक समुदाय के सदस्यों, बिजनेस लीडर्स और अमेरिकी साझेदार शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर और पीयूष गोयल के साथ 75 से ज्यादा अन्य राजदूत भी मौजूद थे।

#### दोनों देशों के बीच अनगिनत संभावनाएं: सर्जियो गोर

सर्जियो गोर ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत और अमेरिका के नए ट्रेड फ्रेमवर्क और गहरे होते



रणनीतिक संबंधों के बीच, असली जादू इन व्यक्तिगत पलों में होता है, जहां भरोसा, विचार और साझा भविष्य आकार लेते हैं। भारत और अमेरिका के बीच अनगिनत संभावनाओं के लिए! व्हाइट हाउस भारत पर ध्यान दे रहा है। हमारे राष्ट्रपति भारत पर ध्यान दे रहे हैं, और प्रेसिडेंट ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती की वजह से हम आखिरकार ट्रेड डील कर पाए।

#### अमेरिकी बाजार में बढ़ेगी भारत की पहुंच

भारत और अमेरबीच हुए नए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के बाद भारत को अमेरिका के लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर के विशाल बाजार में विशेष और आसान पहुंच मिली है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था, निर्यात और रोजगार के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समझौते के बाद कई सेक्टर में टैक्स को घटाकर लगभग 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं कुछ उत्पाद ऐसे भी हैं जिन पर अमेरिका ने पूरी तरह टैक्स खत्म कर दिया है। अब भारतीय सामान अमेरिका में पहले से सस्ता होगा और उसकी मांग बढ़ सकती है। भारत का अमेरिका को निर्यात पहले से ही मजबूत रहा है। वर्ष 2024 में भारत का अमेरिका को कुल निर्यात लगभग 86.35 बिलियन डॉलर रहा। अब इस नए समझौते के बाद भारतीय कंपनियों को अमेरिका में और ज्यादा व्यापार करने का मौका मिलेगा। इससे भारत के कई बड़े और छोटे उद्योगों को फायदा होगा।

## भारत और कनाडा के रिश्तों में सुधार

# कनाडा की एनएसए से मिले अजित डोभाल, साझा योजना पर 'सहमत'



नताली ड्रौइन और अजित डोभाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ओटावा का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कनाडा की एनएसए नताली ड्रौइन से मुलाकात की थी। दोनों के बीच हुई इस मीटिंग में भारत और कनाडा से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा नीति और साइबर सुरक्षा मुद्दों पर सूचना साझाकरण पर सहयोग को औपचारिक रूप देने के साथ-साथ घरेलू कानूनों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप धोखाधड़ी और आव्रजन प्रवर्तन से संबंधित सहयोग पर चर्चा जारी रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। बता दें, साल 2023 में भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव आ गया था।

#### राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर हुई चर्चा

रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ओटावा में कनाडा के पीएम की उप सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नताली ड्रौइन से मुलाकात की थी। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दोनों पक्षों ने अपने देशों और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई पहलों पर हुई प्रगति को स्वीकार किया है। दोनों ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग का मार्गदर्शन करने और संबंधित प्राथमिकताओं पर व्यावहारिक सहयोग को लेकर एक साझा कार्य योजना पर सहमति जताई है। बैठक के दौरान यह भी सहमति बनी है कि प्रत्येक देश सुरक्षा और कानून प्रवर्तन संपर्क अधिकारी नियुक्त करेगा और उनकी संबंधित एजेंसियां कामकाजी संबंधों को और अधिक मजबूत करेंगी। विदेश मंत्रालय ने ये घोषणा की है कि दोनों देश एक-दूसरे के देशों में सुरक्षा संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर भी सहमत हुए हैं।

#### खालिस्तानी समूहों का उठाया मुद्दा

अजीत डोभाल और उनके कनाडाई समकक्ष ने उत्तरी अमेरिकी देश में सक्रिय खालिस्तानी समूहों के मुद्दे पर भी चर्चा की। डोभाल ने प्रवासी समुदाय के भीतर चरमपंथी चंदा जुटाने, धमकियों और दुष्प्रचार से जुड़े मामले, दस्तावेजों की धोखाधड़ी और भारत को निशाना बनाने वाले जबरन वसूली के मुद्दे पर भी चर्चा की। अजीत डोभाल की ड्रौइन और कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसंगरी के साथ भी बातचीत हुई। कनाडाई सरकार ने स्वीकार किया है कि भारत को टारगेट बनाया जा रहा है।

## ब्रिटेन जा पहुंची एप्स्टीन फाइल्स की आंच

# पीएम स्टार्मर ने इस्तीफा देने से किया इनकार, कहा- मुझे 'जनादेश' मिला

एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद 19 महीने पुरानी ब्रिटिश सरकार के लिए एक गंभीर संकट पैदा होने के बीच पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। वह लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। मैंडलसन को इस उच्च पदस्थ राजनयिक पद पर नियुक्त करने के निर्णय को लेकर पीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

#### लेबर पार्टी ने मांगा इस्तीफा



पीएम कीर स्टार्मर

पीएम की मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने का आह्वान किया है। स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता अनस सरवर ने भी पीएम स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है। सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही पीएम आवास है। स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ और उनके संचार निदेशक ने भी इस्तीफा दे दिया है।

#### जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटूंगा

पीएम के कार्यालय ने कहा कि स्टार्मर का पद छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा कि मैंने आज तक जितने भी संघर्ष किए हैं, उन सबमें जीत हासिल की है। मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।

## मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

# श्रीलंका में 25 जिलों के 300 छात्रों को दी गई महात्मा गांधी स्कॉलरशिप

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका में 25 जिलों के 300 विद्यार्थियों को महात्मा गांधी छात्रवृत्ति दी गई। इस मौके पर श्रीलंका की पीएम हरिनी अमरसूर्या, शिक्षा और उच्च शिक्षा उप मंत्री मधुरा सेनेविरत्ना और भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त सत्यंजल पांडे मौजूद थे। कोलंबो स्थित शिक्षा मंत्रालय में हुए इस खास समारोह में मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप थमाई गई। भारतीय उच्चायोग के मुताबिक, छात्रों को मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप के तहत हर महीने 2,500 एलकेआर (श्रीलंकाई मुद्रा) दिया जाता है। इसके लिए हर जिले के शीर्ष छह छात्रों का चुनाव किया जाता है। इस साल का समारोह



श्रीलंका पीएम हरिनी अमरसूर्या

2021 से 2024 तक के समय के बीच एक साथ दो बैच को स्कॉलरशिप देने के लिए खास रहा। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि पीएम डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने महात्मा गांधी स्कॉलरशिप देने और श्रीलंका में इसके कई दूसरे कामों के लिए भारत सरकार का शुक्रिया अदा किया। छात्रवृत्ति से सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए, पीएम ने महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों को याद किया।

## आईएनएसवी कौंडिन्य पहुंचा मस्कट



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के पोत आईएनएसवी कौंडिन्य को मस्कट से औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो भारत और ओमान के बीच साझा समुद्री विरासत और अटूट साझेदारी का प्रतीक है। आईएनएस कौंडिन्य भारतीय नौसेना का एक अनोखा, स्वदेशी रूप से निर्मित 'सिला हुआ पाल युक्त जहाज' है, जो 5वीं शताब्दी ईस्वी की पारंपरिक टंकाई तकनीक (नारियल की रस्सी और लकड़ी से निर्मित) का उपयोग करता है। यह बिना किसी लोहे की कील के बना है। प्रसिद्ध नाविक 'कौंडिन्य' के नाम पर आधारित इस जहाज ने गुजरात से ओमान के मस्कट तक की अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की।

## इजराइल के पीएम नेतन्याहू के अमेरिकी दौरे पर ईरान का कड़ा ऐतराज

# कूटनीति के लिए बताया 'खतरनाक', इलाके में इनसे अशांति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए विशेष वीआईपी विमान 'विंग ऑफ जायन' से रवाना हुए। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि ये मुलाकात काफी अहम है जिसमें वो अपनी सोच से ट्रंप को अवगत कराएंगे। वहीं, उनकी रवानगी की खबर पर ईरान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेतन्याहू का ये दौरा कूटनीति के लिए बेहद खतरनाक है। नेतन्याहू ने कहा कि यूएस-ईरान को लेकर अपनी विचारधारा से राष्ट्रपति ट्रंप को रूबरू कराएंगे। ये सिद्धांत न सिर्फ इजराइल के लिए, बल्कि दुनिया भर के हर उस देश के लिए जरूरी हैं जो शांति और सुरक्षा चाहता है। दोनों नेता गाजा समेत विभिन्न विषयों पर बातचीत करेंगे। नेतन्याहू का कहना है कि ट्रंप के साथ उनकी बार-बार की मुलाकात इजराइल-यूएस और निजी तौर पर उनके और ट्रंप के बीच की अद्वितीय निकटता का सबूत है।

#### ईरान परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करे: इजराइल



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के प्रमुख अयातुल्ला खामनेई इजराइल पीएम नेतन्याहू

बता दें, इजराइल लंबे समय से ईरान से यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करने और क्षेत्र भर के आतंकवादी समूहों से संबंध तोड़ने की मांग करता रहा है। ईरान ने हमेशा इन मांगों को खारिज करते हुए कहा है कि वह प्रतिबंधों में ढील के बदले ही अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ सीमाएं स्वीकार करेगा। नेतन्याहू बुधवार तक वाशिंगटन में रहेंगे। उन्होंने अपने दशकों लंबे राजनीतिक करियर में ईरान के खिलाफ अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर कार्रवाई की वकालत की है। पिछले साल ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर 12 दिन तक किए गए हमलों में इजराइल का साथ अमेरिका ने दिया था।

#### इजराइल शांति प्रक्रिया में बाधक: ईरान

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने कहा कि हमारी बातचीत करने वाली पार्टी अमेरिका है। यह अमेरिका पर है कि वह इस इलाके के लिए दबावों और नकारात्मक असर से अलग हटकर काम करे। यहूदी शासन ने बार-बार, एक तोड़फोड़ करने वाले के तौर पर, दिखाया है कि वह हमारे इलाके में शांति की ओर ले जाने वाली किसी भी कूटनीतिक प्रक्रिया का विरोध करता है।

#### ईरान के अधिकारी वार्ता के लिए ओमान जाएंगे

ओमान संभावित अमेरिकी हमले को रोकने के उद्देश्य से ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में मध्यस्थता कर रहा है। ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष एवं देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के मौजूदा सचिव अली लारीजानी पिछले सप्ताह मस्कट में अमेरिकियों के साथ हुई अप्रत्यक्ष वार्ता के पहले दौर पर अपने देश की प्रतिक्रिया का संभवतः नेतृत्व करेंगे। लारीजानी ओमान के विदेश मंत्री एवं वार्ता में मुख्य मध्यस्थ बदर अल-बुसैदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से मुलाकात करेंगे।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# 30 घरों को आग लगाई, सरकार ने पांच दिनों के लिए बंद किया इंटरनेट

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के उखरुल में हिंसा भड़क गई है। हिंसा के दौरान कई घरों को आग लगा दी गई और गोलियां भी चली। यह हिंसा उखरुल के तंगखुल नगा समुदाय के सदस्य पर कथित हमले के खिलाफ भड़की। हिंसा के दौरान करीब 30 खाली पड़े घरों को आग लगा दी गई और इस दौरान गोलियां भी चलीं। हालात को देखते हुए सरकार ने पांच दिनों के लिए इंटरनेट बंद करने का फैसला किया है।

यह हिंसा नगा और कुकी समुदाय के बीच भड़की है। अधिकारियों ने बताया हिंसा उखरुल के लिटन सरेखोंग गांव में भड़की, जहां हमलावरों ने कई घरों को आग लगा दी। हमलावरों ने हवाई फायरिंग भी की। हिंसा के डर से कई ग्रामीण अपने घर छोड़कर पड़ोसी जिले कांगपोकपी के सुरक्षित ठिकानों पर चले गए। हमले



इलाके में सुरक्षा बल

का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगा है। दरअसल कुछ दिन पहले दो तंगखुल नगा संगठनों ने उखरुल और पड़ोसी कामजोंग जिले में कुकी लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया था।

इस हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को हुई थी। तब लिटन गांव में सात-आठ लोगों ने तंगखुल नगा समुदाय के एक व्यक्ति पर हमला किया था। सरकार ने हालात को देखते हुए पैरामिलिट्री फोर्स को इलाके में तैनात कर दिया है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत बनी हुई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109